

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।


डॉक्टर जी बनी आयुष्मान ...8




दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

बुधवार, 12 अक्टूबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 292 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## कोलकाता में दो समूहों के बीच झड़प के बाद कर्फ्यू लागू, तृणमूल–भाजपा में छिड़ी जंग

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में कोलकाता के खिदिरपुर–मोमीनपुर क्षेत्र में दो समूहों में झड़प के बाद सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच वाकयुद्ध शुरू हो गया है। इस झड़प में कई लोग घायल हो गए। भाजपा का दावा है कि पश्चिम बंगाल में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है जिस पर सत्तारूढ़ दल ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। इलाके में निषेधाज्ञा 12 अक्टूबर तक बढ़ीः तनाव की स्थिति को देखते हुए पूरे इलाके में धारा 144 लागू की गई है। पुलिस ने इसे 12 अक्टूबर तक के लिए बढ़ा दिया है। हिंसा के कारण इलाके में वाहनों की आवाजाही बेहद कम हो गई है। लक्ष्मी पूजन के दौरान हुई हिंसा के बाद से इलाके में तनाव की स्थिति कम नहीं हुई है, जिससे निपटने के लिए पुलिस ने निषेधाज्ञा लागू की है। पुलिस ने कहा कि खिदिरपुर– मोमीनपुर क्षेत्र में रविवार शाम स्थानीय मुद्दों को लेकर दो समूहों के बीच झड़प हो गई जिसमें कई लोग घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों ने इकबालपुर थाने के बाहर भी प्रदर्शन किया। इलाके में पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) कर्मियों को तैनात कर दिया गया है।



टीएमसी का आरोप : तृणमूल ने आरोप लगाया कि भाजपा राज्य का माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रही है। प्रदेश भाजपा प्रमुख सुकांत मजूमदार ने क्षेत्र में जाने की कोशिश की लेकिन उन्हें उत्तर कोलकाता के चिन्प्रिघाट इलाके में रोक लिया गया और इलाके में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधात्मक आदेश लागू होने के चलते उनसे वापस जाने को कहा गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अफसर ने कहा कि उन्हें समझाया गया कि वहां निषेधात्मक आदेश लागू हैं लेकिन वह वहां जाने पर अड़े रहे। उन्होंने बताया कि सुकांत मजूमदार को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें लालबाजार पुलिस मुख्यालय लाया गया। भाजपा पर राज्य का माहौल खराब करने का आरोप लगाते हुए तृणमूल के वरिष्ठ नेता सौगत राय ने कहा कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने सभी जरूरी कदम उठाए। राय ने कहा कि उपद्रवियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सुकांत मजूमदार वहां जाकर घृणा भरे भाषण देने के अलावा क्या करेंगे? भाजपा राज्य के माहौल को खराब करने की कोशिश कर रही है। भाजपा को हर घटना का राजनीतिकरण करना बंद करना चाहिए। टीएमसी के प्रदेश महासचिव कुणाल घोष ने भाजपा पर राज्य में शांति को बाधित करने का आरोप लगाया। शुभेंदु अधिकारी ने अमित शाह से की ये मांगः विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने ट्विटर पर कहा कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राज्यपाल एल गणेशन को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि बंगाल में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति के हाथ से निकलने से पहले मोमीनपुर हिंसा और इकबालपुर थाने में तोड़फोड़ के मद्देनजर प्रभावित इलाके में केंद्रीय बलों की तत्काल तैनाती की जाए। बीजेपी ने राज्यपाल के पास दर्ज कराया विरोध : दोपहर बाद, अधिकारी ने मजूमदार की गिरफ्तारी के खिलाफ भाजपा का विरोध दर्ज कराने के लिए पश्चिम बंगाल विधानसभा से राजभवन तक मार्च निकाला। अधिकारी ने कहा, हम अपना विरोध दर्ज कराने के लिए राज्यपाल के पास आए थे। मुख्य विपक्षी दल के प्रदेश अध्यक्ष के साथ व्यवहार करने का यह तरीका है? राज्य सरकार स्थिति को नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल रही है। पार्टी ने मध्य कोलकाता में अपने राज्य मुख्यालय से लालबाजार स्थित पुलिस मुख्यालय तक भी विरोध मार्च निकाला।

## आखिर पीएम मोदी ने क्यों कहा, गुजरात ने जो सिखाया वो दिल्ली जाने के बाद मेरे बहुत काम आया

अहमदाबाद। अपने तीन दिवस के गुजरात दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विभिन्न कार्यक्रमों का लोकार्पण और शिलान्यास कर रहे हैं। इन सब के बीच आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में लगभग 13 सौ करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल से जुड़ी सुविधाओं के लोकार्पण और आधारशिला कार्यक्रम में हिस्सा लिया। गुजरात चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दौरा काफी अहम माना जा रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि आज गुजरात की स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए एक बहुत बड़ा दिन है। दुनिया की सबसे एडवांस्ड मेडिकल टेक्नोलॉजी से बेहतर से बेहतर सविधाएं और मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर अब अहमदाबाद और गुजरात में और ज्यादा उपलब्ध होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब विकास की गति गुजरात जैसी होती है, तो काम और उपलब्धियां इतनी ज्यादा होती हैं कि उन्हें कई बार गिनना भी कठिन हो जाता है। हमेशा की तरह ऐसा बहुत कुछ है जो देश में पहली बार गुजरात कर रहा है। उन्होंने कहा कि 20–25 साल पहले गुजरात की व्यवस्थाओं को बहुत सारी बीमारियों ने जकड़ा हुआ था। एक बीमारी




थी– स्वास्थ्य क्षेत्र में पिछड़ापन। दूसरी बीमारी थी– शिक्षा में कुव्यवस्था। तीसरी बीमारी थी– बिजली का अभाव। चौथी बीमारी थी– पानी की किल्लत। पांचवीं बीमारी थी– हर तरफ फैला हुआ कुशासन। छठी बीमारी थी– खराब कानून व्यवस्था। मोदी ने सहा कि प्रयास जब पूरे मन से हॉलिस्टिक अप्रोच के साथ किए जाते हैं तो उनके परिणाम भी उतने ही बहुआयामी होते हैं। यही गुजरात की सफलता का मंत्र है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि गुजरात ने जो सिखाया, वो दिल्ली जाने के बाद मेरे बहुत काम आया। स्वास्थ्य के इसी विजन को लेकर हमने केंद्र में भी काम करना शुरू किया। इन 8 वर्षों में हमने देश के अलग–अलग हिस्सों में 22 नए एम्स दिए हैं। इसका लाभ भी गुजरात को हुआ है। उन्होंने कहा कि जब सरकार संवेदनशील होती है तो उसका सबसे बड़ा लाभ समाज के कमजोर तबके को होता है, माताओं–बहनों को होता है।

मुझे विश्वास है कि अपने विकास की इस गति को गुजरात और आगे बढ़ाएगा, और ऊंचाई पर ले जाएगा। उन्होंने कहा कि आज जब बात होती है हाइटेक हॉस्पिटल्स की तो गुजरात का नाम सबसे ऊपर रहता है। शिक्षा संस्थाओं की बात हो या एक से बढ़कर एक यूनिवर्सिटी की बात हो, तो गुजरात का आज कोई मुकाबला नहीं है।

## एकनाथ शिंदे की पार्टी बालासाहेबंची शिवसेना को मिला तलवार–ढाल चुनाव चिह्न, उद्धव की मशाल से होगा सामना



शिवसेना के एकनाथ शिंदे गुट को भी अब नया चुनाव चिन्ह मिल गया है। एकनाथ शिंदे की पार्टी बालासाहेबंची शिवसेना को तलवार ढाल चुनाव चिन्ह के रूप में मिला है। इससे पहले सोमवार को शिंदे गुट को बालासाहेबंची शिवसेना के रूप में पार्टी का नाम तो मिल गया था। लेकिन चुनाव चिन्ह पर बात नहीं बन पाई थी। आज चुनाव आयोग को एकनाथ शिंदे गुट की ओर से तीन सुझाव दिए गए थे। हालांकि, बाद में चुनाव चिन्ह तलवार ढाल पर मामला बना। इससे पहले उद्धव ठाकरे और शिंदे गुट में विवाद के बीच चुनाव आयोग ने शिवसेना के पुराने चुनाव चिन्ह को फ्रीज कर दिया था। आपको बता दें कि तीन नवंबर को अंधेरी पूर्व विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव दोनों गुटों से लिए नाक का सवाल है। चुनाव आयोग की ओर से उद्धव ठाकरे गुट को उद्धव बालासाहेब ठाकरे नाम आवंटित किया गया था। उद्धव ठाकरे गुट को मशाल चुनाव चिह्न मिला है। शिंदे समूह के मुख्य सचेतक भरत गोगावाले ने कहा कि वे हमेशा से ही पार्टी में बालासाहेब का नाम चाहते थे और इसे पाकर खुश हैं। उन्होंने कहा, हमारे गुट को अब शिंदे खेमा नहीं बल्कि बालासाहेबंची शिवसेना कहा जाएगा। शिंदे गुट की ओर से 'त्रिशूल', 'उगते सूरज' और 'गदा' को चुनाव चिह्न के रूप में आवंटित करने का आग्रह किया गया था। लेकिन चुनाव आयोग ने इसे खारिज कर दिया। आयोग ने धार्मिक अर्थों का हवाला देते हुए इसे आवंटित करने के सुझाव को खारिज कर दिया था। इसके बाद शिंदे गुट की ओर से पीपल का वृक्ष, तलवार और सूरज भेजा गया था।

## पंचतत्व में विलीन हुए मुलायम सिंह यादव

### राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के संस्थापक उत्तर प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री रहे और देश के रक्षा मंत्री रहे मुलायम सिंह यादव पंचतत्व में विलीन हो गए हैं। सोमवार सुबह गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में 82 वर्ष की उम्र में उनका निधन हुआ था। वह पिछले कई दिनों से बीमार थे। मुलायम सिंह यादव का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। मुलायम सिंह यादव के बड़े बेटे अखिलेश यादव ने उन्हें मुखाग्नि दी है। मुलायम सिंह यादव की राजनीतिक विरासत को भी अखिलेश यादव ही आगे बढ़ा रहे हैं और वर्तमान में वह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। उनका अंतिम संस्कार उनके गांव सैफई में किया गया। इस दौरान वहां पूरा गम का माहौल था। मुलायम सिंह यादव की आखिरी सफर में पूरा जन सैलाब उमड़ा था। परिवार के सदस्यों की आंखें नम थी। खुद अखिलेश




यादव भी काफी उदास दिख रहे थे। इसके अलावा शरद पवार, अभिषेक बच्चन, अनिल अंबानी, तेजस्वी यादव, सुब्रत रॉय, बाबा रामदेव जैसे लोग भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए। मुलायम सिंह यादव के समर्थक लगातार नारे लगाते रहे। मुलायम सिंह यादव अमर रहे अमर रहे। कांग्रेस अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी और पार्टी के अन्य नेता मुलायम सिंह यादव के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए पैतृक गांव सैफई पहुंचे थे।

## पालघर लिंचिंग की जांच करेगी सीबीआई?

### शिंदे सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा– कोई आपत्ति नहीं

मुंबई । महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि 2020 के पालघर लिंचिंग मामले



को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने में कोई आपत्ति नहीं है। अप्रैल 2020 में महाराष्ट्र के पालघर में एक उन्मादी भीड़ द्वारा दो हिंदू संतों की हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद तत्कालीन उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश पैदा कर दिया था। एक हलफनामे में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार ने कहा कि वह सीबीआई को जांच सौंपने के लिए तैयार है और उसे इस पर कोई आपत्ति नहीं होगी। 16 अप्रैल, 2020 को मुंबई से 140 किमी उत्तर में पालघर जिले के गडचिंचले में भीड़ द्वारा 70 वर्षीय चिकने महाराज कल्पवृक्षगिरी और सुशीलगिरी महाराज के साथ ही उनके ड्राइवर नीलेश तेलगड़े को भीड़ द्वारा पीट–पीट कर मार डाला गया था। दरअसल, पालघर में जिस जगह पर मॉब लिचिंग की घटना हुई थी, वहां लॉकडाउन के बाद से लोग दिन रात लगातार खुद पहरेदारी कर रहे थे। इलाके में चोर, डाकुओं के घूमने की अफवाह थी। डिसके बाद मॉब लिचिंग के घटनास्थल से 30 किलोमीटर दूर एक गांव में ग्रामीणों ने शक के आधार पर कुछ लोगों पर हमला किया था। मामले की विभागीय जांच शुरू होने के बाद 18 पुलिस अधिकारियों को दंडित किया गया। एक सहायक पुलिस निरीक्षक को बर्खास्त कर दिया गया है, जबकि एक अन्य सहायक पुलिस उप निरीक्षक और एक चालक को अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर दिया गया है। घटना के संबंध में हत्या, सशस्त्र दंगा और अन्य आरोपों से संबंधित कुल तीन प्राथमिकी दर्ज की गईं थी। ठाणे की एक सत्र अदालत ने पिछले साल जनवरी में इस मामले में 89 आरोपियों को जमानत दे दी थी।

## जम्मू कश्मीर में अब डिपार्टमेंटल स्टोर में भी मिलेगी बियर, एलजी की ओर से मिली मंजूरी, यह है शर्त



जम्मू। जम्मू कश्मीर में लगातार पर्यटन को बढ़ावा देने की कोशिश की जा रही है। इसी कड़ी में जम्मू–कश्मीर प्रशासन ने एक बड़ा फैसला लिया है। दरअसल, जम्मू–कश्मीर प्रशासन ने अपनी आबकारी नीति में बदलाव करते हुए डिपार्टमेंटल स्पोर्ट्स में बियर बेचने की इजाजत दे दी है। जानकारी के मुताबिक के जम्मू कश्मीर के प्रमुख किराना दुकान में और डिपार्टमेंटल स्टोर जल्द ही बीयर और अन्य रेडी टू ड्रिंक पेय पदार्थ बेच सकते हैं। उपराज्यपाल की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद यह फैसला लिया गया है। रेडी टू ड्रिंक पेय पदार्थों की सूची में एल्कोहलिक और नन एल्कोहलिक ड्रिंक्स शामिल हो सकते हैं। बयान में बताया गया है कि जम्मू–कश्मीर शराब लाइसेंस और बिक्री नियम 1984 और आबकारी नीति 2023–24 के प्रावधानों को शामिल करने के लिए बीयर और रिपोर्टिंग के शहरी क्षेत्रों के डिपार्टमेंटल स्टोर्स में बेचने के लिए लाइसेंस जेकेईएल –2 ए को मंजूरी दे दी गई है। लेकिन इसके साथ ही कुछ शर्त है। जिस डिपार्टमेंटल स्टोर में बीयर रखने को मंजूरी दी जाएगी, वह न्यूनतम 1200 वर्ग फुट के क्षेत्र में होना चाहिए। इसके अलावा जम्मू और श्रीनगर शहरों में न्यूनतम 5 करोड रुपए का वार्षिक कारोबार और दुकानों के लिए 2 करोड़ का वार्षिक कारोबार होना चाहिए।






## उपहार सिनेमा अग्निकांडः अदालत ने सुशील अंसल की याचिका पर पुलिस से जवाब मांगा

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 1997 के उपहार सिनेमा अग्निकांड में सबूतों से छेड़छाड़ को लेकर रियल एस्टेट कारोबारी सुशील और गोपाल अंसल की दोषसिद्धि एवं सजा रद्द करने की उनकी याचिका पर मंगलवार को शहर की पुलिस से जवाब मांगा। सुशील अंसल ने 13 जून 1997 को हुए अग्निकांड से जुड़े इस मामले में अपनी कैद की सजा पहले ही पूरी कर ली है। इस घटना में 59 लोगों की मौत हो गयी थी। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने 83 वर्षीय सुशील अंसल की याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया और मामले पर अगली सुनवाई के लिए 13 दिसंबर की तारीख तय की है। इस बीच, उच्च न्यायालय ने अंसल के तत्कालीन कर्मचारी पी पी बत्रा के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है क्योंकि सबूतों से छेड़छाड़ के मामले में दोषियों की सजा बढ़ाए जाने की पीड़ितों की याचिका पर सुनवाई के दौरान न तो वह और न ही उनका वकील अदालत में पेश हुआ। उच्च न्यायालय दो अलग–अलग याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। एक याचिका सुशील अंसल



ने अपनी दोषसिद्धि और सजा को चुनौती देते हुए दायर की है, जबकि दूसरी याचिका सबूतों से छेड़छाड़ के मामले में दोषियों को सुनाई गई सजा की अवधि बढ़ाए जाने को लेकर है। यह दूसरी याचिका 'एसोसिएशन ऑफ विक्टिम्स ऑफ उपहार ट्रेजेडी' (एवीयूटी) ने दायर की थी। गौरतलब है कि एक मजिस्ट्रेट अदालत ने आठ नवंबर 2021 को रियल एस्टेट कारोबारियों को सात साल की कैद की सजा सुनायी थी। इसके बाद जिला न्यायाधीश ने 19 जुलाई को सजा पर मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश में संशोधन किया था और अंसल बंधुओं, अदालत के पूर्व कर्मचारी दिनेश चंद शर्मा तथा अंसल बंधुओं के तत्कालीन कर्मचारी बत्रा की रिहाई का आदेश दिया था। अदालत ने सुशील और गोपाल अंसल पर तीन–तीन करोड़ रुपये तथा बत्रा पर 30,000 रुपये और शर्मा पर 60,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया था। सुशील अंसल ने कहा कि उसने निचली अदालत के आदेश का अनुपालन करते हुए तीन करोड़ रुपये का जुर्माना जमा करा दिया है तथा उसने अपनी याचिका का निस्तारण होने तक एसोसिएशन को भी तीन करोड़ रुपये 'सेक्युरिटी' राशि के तौर पर जमा करने का निर्देश देने का अनुरोध किया। सत्र अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए याचिका में आरोप लगाया गया है कि अपीलीय अदालत ने महज संभावनाओं के आधार पर 18 जुलाई का आदेश पारित किया था।

# बारिश से फसलों के नुकसान की भरपाई करेगी सरकार : शाही

## कृषि विश्वविद्यालय के 48 वें स्थापना दिवस में कृषि मंत्री गिनाई उपलब्धियां

मिल्कीपुर–अयोध्या। खेती के साथ–साथ किसानों को व्यापार भी करना चाहिए। बारिश से फसलों के हुए नुकसान की सरकार भरपाई करेगी। किसानों को उन्नति की ओर ले जाने के लिए आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि ने अहम भूमिका निभाया है। सरकार की सभी नीतियां किसानों के हित को देखते हुए बनाई गई है। यह बातें .आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के 48वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित मंडलीय रबी उत्पादकता गोष्ठी को संबोधित करते हुए बतौर मुख्यअतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कही। उन्होंने कहा कि सरकार ने कई ऐसे काम किए हैं जिससे की बिचौलियों को लाभ नहीं मिले बल्कि किसानों को इसका लाभ मिले। इस अवसर पर 10 किसानों व 24 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सपा सुप्रीमो के मुलायम सिंह यादव के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह कहा कि सरकार का लक्ष्य किसानों की आय को दोगुना करना है। उन्होंने कहा कि किसान प्राकृतिक खेती को करते हैं तो आर्थिक लाभ के साथ–साथ बीमारी से भी उनका बचाव होगा। किसानों को नई तकनीक व वैज्ञानिक पद्धति के साथ खेती करने की जरूरत है। मंत्री ने कहा की किसान फूल की खेती करके अपनी आय को दोगुनी कर सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. वेदप्रकाश रहे व स्टाल प्रदर्शनी निदेशक प्रसार डा. एपी राव के नेतृत्व में लगाई गई। कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, कृषि उपज बढ़ाने, प्राकृतिक खेती के लिए दूसरों को प्रेरित करने वाले 10 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया।

जिसमें विजय कुमार सिंह, राज बहादुर बर्मा, जमुना प्रसाद चौहान, हरिश्चंद्र सिंह, शिवशंकर सिंह, जनार्दन पाठक, रजनीश मिश्रा, कृष्ण कुमार सिंह, वंश गोपाल सिंह व राजबहादुर सिंह को सम्मानित किया गया। आयुक्त नवदीप रिनवा, कृषि उत्पादन आयुक्त उ.प्र. मनोज कुमार सिंह, कृषि निदेशक उ.प्र. विवेक कुमार सिंह व मंडल के आए हुए जिलाधिकारियों ने कृषि विवि द्वारा संचालित विभिन्न महाविद्यालयों वैज्ञानिक एवं प्रोफेसर मौजूद रहे।

खाने को लेकर हुए विवाद में किसानों ने की नारेबाजी –विभिन्न कृषि विज्ञान केंद्रों से विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष समारोह में आए किसानों ने विश्वविद्यालय के एक जिम्मेदार अधिकारी द्वारा अभद्रता किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और विश्वविद्यालय प्रशासन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। किसानों का आरोप था कि कार्यक्रम समाप्त होने के उपरांत किसानो को लंच पैकेट वितरित किया जा रहा था। जहां विश्वविद्यालय के इंजीनियर ओम प्रकाश द्वारा किसानों को गालियां दे दी गई। विश्वविद्यालय के जिम्मेदार अधिकारी की करतूतों से आहत होकर किसान भी आपे से बाहर हो गए और उन्होंने विश्वविद्यालय पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए नारेबाजी शुरू कर दी जिसके बाद मौके पर मौजूद विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों के हाथ–पांव फूल गए और सब नाराज हो मगर किसानों की मनुहार में जुट गए।

# बाढ़ के पानी ने मचाया कोहराम, 15 गांव बाढ़ के पानी से घिरे

## –जानवरों के चारे का संकट खड़ा

अयोध्या। सरयू में आई बाढ़ के पानी का कहर जारी है। बाढ़ प्रभावित गांव पानी से घिरे हुए है।बाढ़ का पानी घरों में घुसने लगा है। बाढ़ पीड़ित परेशान है, बाढ़ पीड़ितों को गांव से निकालने के लिए अभी तक नाव की व्यवस्था नहीं की गई है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के मूडाडीहा माझा , उरदहवा, पूरे चेतन , पिपरी संग्राम, सलेमपुर, बस्ती माझा, मडना माझा, बलुइया माझा, सेवरहवा, रामपुर पुआरी माझा , धनाई का पुरवा, गिलेंट, काजीपुर माझा समेत कई गांव बाढ़ के पानी से पूरी तरह घिर गए हैं और पानी घरों में घुस रहा है। मूडाडीहा माझा के रिंकू, संचित ,सुग्रीव रोशन लाल, बृजेश ,सौरभ ,रामप्रताप ,पूर्णमासी,विजय ,भागीरथी ,नंदकिशोर ,लाल जी ,धर्मेंद्र, बताते हैं कि रात में नदी का पानी गांव के चारों तरफ फैल गया और घरों में घुसने लगा। रात में ही घर के लोगों को जगा कर इकट्ठा करके बैठाया गया और जानवरों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। अब सबसे बड़ा संकट जानवरों के चारे का खड़ा हो गया है।रामपुर पुआरी माझा के अयोध्या प्रसाद, दुखीराम ,प्रेम सागर, अजीत, लच्छीराम, मुन्ना, जियालाल ,मसा राम ,राधे श्याम ,राम नयन, अर्जुन, बताते हैं कि दूसरी बार आई बाढ़ से सब कुछ तबाह हो गया,अब कुछ नही बचेगा। रात को पानी आया जो भी घर गृहस्थी का सामान था सब पानी में भीग गया।अब भगवान ही मालिक है। अभी तक प्रशासन का कोई भी कर्मचारी गांव में नहीं दिखाई दिया। यहां तक की गांव से निकालने के लिए नाव तक नहीं लगाई गई मडना माझा के प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव ने बताया कि पहले जैसा फिर बाढ़ के पानी ने कोहराम मचा दिया है।

## तुलसीपुर टापू में तब्दील सड़क विजली बंद



दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। बाढ़ की विभीषका की चपेट में तुलसीपुर चारों तरफ से पानी से घिर जाने के कारण जहाँ तुलसीपुर से बलरामपुर पुर सड़क मार्ग बंद है वहीं गैजहवा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन पर पानी आजाने से रेल मार्ग भी अनिश्चित काल के लिए बंद हो गया है तुलसीपुर से गौरा उतरौला मार्ग भी बाढ़ के कारण बंद और बाढ़ के ही कारण आज विजली भी गायब हो चुकी है कुलमिलाकर तुलसीपुर टापू बन चुका है लोग भगवान भरोसे है।

# मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक की लहर, अर्पित की गयी श्रद्धांजलि

## –धरतीपुत्र नेताजी मुलायम सिंह यादव का निधन एक युग का अंत

अयोध्या। समाजवादी योद्धा धरतीपुत्र नेताजी मुलायम सिंह यादव का निधन एक युग का अंत है, नेताजी उन चंद नेताओं में शामिल रहे जिनके चाहने वाले दलीय सीमाओं से बंधे नहीं है । समाजवादी नेता के निधन पर समाजवादी पार्टी कार्यालय अयोध्या में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।समाजवाद पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर गहरा शोक प्रगट किया गया निवर्तमान जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव व निवर्तमान महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण वास्तव के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय पर स्वर्गीय नेता जी के चित्र पर माल्यार्पण करके उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और पार्टी कार्यालय पर 3 दिनों के लिए पार्टी का झंडा झुका दिया गया । पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक अवधेश प्रसाद ने इसे अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा है कि नेता जी के नेतृत्व में न सिर्फ प्रदेश ने विकास के नए आयाम गढ़े बल्कि रक्षा मंत्री रहते हुए उनके द्वारा लिए गए फैसले भी मील का पत्थर बन गए। पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि नेताजी ने सर्व समाज के लिए बिना किसी भेदभाव के कार्य किया ।उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए उन्होंने पूरी ताकत झोंक दी थी ।पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें एक महान नेता बताया । पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि मुलायम सिंह यादव जैसा नेता सैकड़ों साल में कोई एक जन्म लेता है जो कि अपना पूरा जीवन समाज के लिए न्योछावर कर दे। गोसाईगंज से विधायक अभय सिंह ने मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि नेता जी के दिखाए रास्ते पर चलकर ही समाजवाद की असली परिभाषा को समझा जा सकता है पूर्व विधायक जय शंकर पांडे ने कहा कि नेता जी ने अपने मुख्यमंत्री काल में स्वास्थ्य शिक्षा वह गरीबों के हर दुख दर्द पर काम किया है बीकापुर विधानसभा के प्रत्याशी रहे फिरोज खान गब्बर ने कहा कि नेताजी हमेशा गरीब नवजवान किसान के विकास के लिए ही काम किया है पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव विशाल वर्मा लीलावती कुशवाहा ने भी नेता जी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया महानगर के निवर्तमान अध्यक्ष श्याम कृष्ण वास्तव ने कहा कि नेता जी ने हर समाज के लिए जो काम किए हैं जनता आज भी उसे याद करती है।शोक संवेदना व्यक्त करने वाले मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल महानगर महासचिव हामिद जफर मीसम चौधरी बलराम यादव मोहम्मद हलीम पप्पू पारसनाथ यादव राहुल सिंह श्री चन्द यादव डॉ अनुराग यादव अंसार अहमद बब्बन राम भवन यादव राम अजोर यादव हाजी असद अहमद मो सोहेल अपर्णा जायसवाल राकेश यादव डॉ घनश्याम यादव निशा खान नूर बाबू जगन्नाथ यादव संजीत सिंह अजय चौरसिया विशाल यादव सूर्यभान यादव राजेंद्र प्रसाद माझी सुरेंद्र यादव गणेश दत्त पांडे महंत अनिल मिश्रा दुर्गेश वर्मा आदि लोग शामिल थे।

पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर वामदलों की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की है। भारत की जनवादी नौजवान सभा के पूर्व प्रदेश महासचिव सत्यभान सिंह जनवादी, अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्यकांत पाण्डेय , भाकपा (माले)के जिला प्रभारी अतीक अहमद , राष्ट्रीय लोकदल के अवध क्षेत्र के अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री ने मुलायम सिंह यादव को एक व्यक्ति नहीं विचार बताते हुए कहा नेताजी समाजवाद के चमकते सूरज थे जो कि आज अस्त हो गया । जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री तथा पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा नेताजी ने सदैव दलित पिछड़ों की आवाज को प्रदेश ही नहीं देश स्तर पर मजबूती के साथ उठाया। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल तथा एआईसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह तथा उग्रसेन मिश्रा ने कहां मुलायम सिंह यादव की उपलब्धियां कालजयी है। उनका सम्मान पक्ष और विपक्ष के सभी नेता करते थे। जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम दुख व्यक्त करते हुए कहा उन्होंने सदैव पिछड़ों और शोषित समाज के हितों की रक्षा के लिए कार्य किया । शोक सभा में प्रमुख रूप से रामकरण कोरी, राम अवध पासी,बसंत मिश्रा ,प्रवीण श्रीवास्तव ,रामेंद्र त्रिपाठी, अशोक राय, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव उमर मुस्तफा, जिला अध्यक्ष संजय तिवारी ,संदीप यादव रिशु ,शैलेंद्र पांडे आदि उपस्थित रहे।

## 15 वर्षीये छात्र बाढ़ में बहा अभी तक पता नहीं



दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। मदरसा जामिया अतिकिया अरविया कालेज इटवा चौराहा तुलसीपुर का 15 वर्षीये छात्र शहबाज अली पुत्र अब्बास अली ग्राम पुरुसोत्तम पुर तुलसीपुर निवासी अपनी मौसी. मौसा के घर नन्द नगर घूमने गया था दो दिन पहले बाढ़ में बह गया जिसकी निरंतर तलाश की जा रही है लेकिन मिल नहीं रहा है उसके पिता अब्बास अली ने लोगों से निवेदन किया है कि किसी को कहीं दिखाई दें तो बताने का कष्ट करें उन्होंने एक मो. नंबर भी सूचित करने के लिए दिया है 9451858260 पर सूचित करें।

# महिला चिकित्सकों ने जाँची गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य स्थिति

## 1150 महिलाओ को मिला प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना का मिला लाभ

अयोध्या। सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत हर माह की 9 तारीख को गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की जाती है। इसी के तहत जनपद के जिला महिला अस्पताल सहित सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया द्य इस दौरान चिकित्सकों ने गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जाँचें जैसे – हीमोग्लोबिन, शुगर, ब्लड ग्रुप, एचआईवी, वजन, ब्लडप्रेशर, अल्ट्रासाउंड एवं अन्य जांच एवं मुफ्त निःशुल्क उपचार की सेवाएँ प्रदान की गईं गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय राजा ने बताया कि जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर सुरक्षित मातृत्व अभियान को विशेष दिवस के रूप में आयोजित किया गया। स्वास्थ्य इकाईयों तक आने वाली सभी गर्भवती महिलाओं की सभी प्रसव पूर्व जांच कराई गई । उच्च जोखिम वाली महिलाओं की जांच व इलाज एमबीबीएस महिला विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा किया गयाद्य इसके साथ ही गर्भवती एवं धात्री महिला को कोविड टीकाकरण के लिए भी प्रेरित किया गया । उन्होंने बताया– प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस(पी.एम.एस.एम.ए.) के अन्तर्गत समस्त गर्भवती महिलाओं की द्वितीयध्तृतीय तिमाही में सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर कम से कम एक बार विशेषज्ञ अथवा एम0बी0बी0एस0 चिकित्सक की देख–रेख में गर्भवती की प्रसव पूर्व जाँचें की जाती हैं । अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आर.के. सक्सेना ने बताया कि अभियान के तहत आज जनपद में 968 से अधिक महिलाओं ने प्रसव पूर्व जाँच करवाई। इस मौके पर महिला रोग विशेषज्ञों की देख रेख में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच कर उनका टीकाकरण भी किया गया द्य विटामिन, आयरन–फॉलिक एसिड व कैल्शियम की दवाएं वितरित कर महिलाओं को प्रसव पूर्व व प्रसव उपरान्त संतुलित और पौष्टिक आहार लेने, साफ–सफाई रखने, समय–समय पर चिकित्सीय परामर्श लेने और संस्थागत प्रसव कराने के लिए प्रेरित किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक राम प्रकाश पटेल ने बताया कि आयोजित सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के अवसर पर सरकारी के साथ निजी महिला चिकित्सकों के द्वारा भी गर्भवती की एएनसी (प्रसव पूर्व जांच) की गई द्य इस दौरान 157 महिलाओं का अल्ट्रासाउंड, 968 हीमोग्लोबिन, ब्लड–प्रेशर, ब्लड–ग्रुप,शुगर, वजन, 316 महिलाओं एचआईवी, हेपेटाइटिस–बी व पेट की जाँच की गयी द्य जाँच के दौरान गंभीर रक्ताल्पता पाई गयी महिलाओं को आयरन–शुक्रोज लगाया गया तथा उन्हें दवा के नियमित सेवन के साथ–साथ विशेष देखभाल रखने और समय–समय पर चिकित्सीय परामर्श लेते रहने की सलाह दी गयी। डीसीपीएम अमित कुमार ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को हरी साग–सब्जियों, अंकुरित चना एवं दाल, गुड़ आदि का अधिक से अधिक सेवन करना जरूरी होता है द्य महिला रोग विशेषज्ञ ध एमबीबीएस निजी चिकित्सको के द्वारा अर्बन पीएचसी में आयोजित सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जाँचें कर चिकित्सीय परामर्श दिया गया।

## जल प्रलय ने मचाया कोहराम, कई गांव हुए बेघर

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। में बाढ़ की वजह से लोगो में भय व्याप्त है वही प्रशासन से अभी तक बचाव कार्य को करने में





सफलता नहीं पाए है बीती रात को गौरा थाना के निकट सोनपुर चौराहे पर जहाँ तेज धार से पानी चल रहा था वहां नगर विकास मंच तुलसीपुर के द्वारा दर्जनों गांव में राहत सामग्री बाटे गए और लोगो व प्रशासन से सहयोग की अपील की यह कार्य नगर विकास मंच के अध्यक्ष राहुल सोनी ( कक्कू सोनी ) अपने कार्यकर्ता के साथ मिलकर कर रहे है। बाढ़ में फसे लोग अब अभी भी उम्मीद है कई गाव से संपर्क नहीं हो पा रहा है जो लोग किसी तरह सड़क पर या सूखे स्थान पर आगये है उनको राहत सामग्री पंहुचा पा रहे है प्रशासन से और सहायता कि गुजारिश है राहुल सोनी का कहना है की अगर मोटर बोट मिल जाती तो काफी लोगो कि सहायता कि जा सकती थी जो सुरक्षित स्थान पर जाना चाहते है उनको वहा पहुचाया जा सकता और बाकि को राहत सामग्री भी दि जा सकती थी साथ में सरकार से भी सहायता की उम्मीद में लोग आपने घरो के छत पर बैठे है हमारी टीम ने लोगो से मिलकर जाना उनका हाल और उनकी आवाज को शासन तक पहुंचाने का भरोसा भी दिलाया। बाढ़ पीड़ितों को सहायता पहुंचाने में राहुल सोनी (कक्कू )संजय गुरुकुल जीशान. जुल्फेकर शिद्दीकी. नीरज सोनी. सुशांत मोदनवाल राजू यादव. रामू चौधरी नितिन. शुभम. भोला सोनी सभासद. पाटेसरी सभासद के. जी. यादव सभासद ने पूरा सहयोग किया।

# अतिवृष्टि से फसल क्षति होने पर सूचना 72 धण्टे के अन्दर देना अनिवार्य'

उन्नाव। निरंतर हो रही वर्षा एवं जलभराव से धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, उर्द, मूंग, तिल एवं अरहर आदि फसलों में क्षति होने की प्रबल सम्भावना है। स्पष्ट करना है कि कृषक द्वारा अपनी बीमित फसल में क्षति होने की दषा में क्षतिपूर्ति हेतु 72 घण्टे के अन्दर जनपद के राजकीय कृषि बीज भण्डार, कार्यालय जिला कृषि अधिकारी, कार्यालय उप कृषि निदेशक, तहसील मुख्यालयों एवं अपनी बैंक शाखा में लिखित रूप से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अथवा बीमा कम्पनी के टोल फ्री नम्बर– 1800–889–6868 व 1800–200–5142 पर उपलब्ध कराना अनिवार्य है, निर्धारित समयावधि में प्राप्त दावों का नियमानुसार सत्यापन करा कर क्षतिपूर्ति का लाभ दिया जाना प्राविधानित है।

जनपद के समस्त विकासखण्डों पर बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि कार्यरत है, जिनका विवरण निम्नानुसार है बीमा कम्पनी के कर्मचारी का नाम अनूप कुमार विकास खण्ड औरास मोबाईल नम्बर, 8840513792है। इसी प्रकार हसनगंज हेतु अजीत सिंह 9140261892, मियागंज अमित कुमार 9936651481, नवाबगंज कार्तिक शुक्ल 8840978559, सफीपुर कुलदीप 6367903811, फतेहपुर चौरासी गोविंद कुमार 7318351564, बांगरमऊ आशीष पाल 6392025353, गंजमुरादाबाद अंकित कुमार 9336181876, सिकंदरपुर सिरोसी शैलेंद्र कुमार 8707340664, सिकंदरपुर करन राहुल अग्निहोत्री 8953193219, बिछिया सलमान खान 8090425171, बीघापुर अजय सिंह 7985561368,सुमेरपुर सौरभ वर्मा 9450834661, पूर्वा दिवाकर वर्मा 8318537588, सचिन वर्मा 8960104971, असोहा अजय सिंह 9793843511 है। टोल फ्री नम्बर– 1800–889–6868 व 1800–200–5142 है।

# बेमौसम बारिश ने सूखे एवं अन्ना मवेशियों की मार झेल रहे किसानों की चिंता बढाई

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र में बीते एक सप्ताह से हो रही बे मौसम बरसात ने सूखे एवं अन्ना मवेशियों की मार झेल चुके क्षेत्रीय किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खीच दी है।बरसात ने खरीफ के नुकसान की रवी में भरपाई की आस लगाए क्षेत्रीय किसानों के सपनो पर पानी फेर दिया है। लगातार कई वर्षो से दैवीय आपदा की मार क्षेल रहे क्षेत्रीय किसानो का इस वर्ष भी अभी तक बारिस न होने के कारण भारी नुकसान हुआ है वही बीते एक सप्ताह से लगातार हो रही इस बे मौसम बरसात ने क्षेत्र के किसानों की कमर तोड़ कर रख दी है। बे मौसम हो रही इस बारिस से किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ेगा। बताते चलें कि बीते एक पखवाड़े तक बारिस न होने के चलते किसानों द्वारा बोई गई धान मक्का उड़द मूंग तिल सहित कई फसलें सूख कर बर्बाद हो गयी। क्षेत्र में तमाम जगहों पर किसानों की फसलें अन्ना मवेशियों का आहार बन गयी।

जिससे किसानों में मायूसी छाई हुई थी लेकिन आगे आने वाले समय में बोई जाने वाली फसलों की तैयारी में जुटे क्षेत्रीय किसानों को एक उम्मीद थी की बर्बाद हुई फसलों को कुछ नुकसान तिलहन की फसल बोकर पूरा हो जाएगा लेकिन इस बार हो रही इस बे मौसम बरसात ने किसानों की कमर तोड़ कर रख दी है।क्षेत्र मे अभी बरसात न होने से खरीफ की फसलें तो बर्बाद हुई ही थी लेकिन आगे बोई जाने वाली रवी की फसलें अनावश्यक हो रही इस बरसात के कारण बुआई में लेट हो जाने की वजह से बर्बाद होंगी ।कस्बे के किसान सन्तकुमार त्रिवेदी दिनेश मिश्रा श्रीराम चन्द्रप्रकास तिवारी आनन्द यादव नसीम समसापुर भूड़ निवासी किसान राजेंद्र द्विवेदी, राजन मिश्र, शिवस्वरूप विश्वकर्मा, ब्रजाधीस शुक्ल, मुकेश अनुज गुरुदासपुर निवासी धुन्नू मिश्रा सतीश मिश्रा आदि क्षेत्र के अनेक किसानों ने बताया कि इस बार हुई इस बेमौसम बरसात ने आगे बोई जाने वाली, सरसों, आलू, की फसल काफी लेट हो जाएगी। जिससे इसकी पैदावार बहुत कम होगी और मुख्य रूप से क्षेत्र में अधिकांश बोया जाने वाला गेंहू भी इस बारिश के कारण लेट बोया जाएगा।

# वीडियो हुआ वायरल सांसद ने त्रिलोकपुर के एसएचओ को लगाई फटकार

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। जनपद के



इटवा, डुमरियागंज, बढ़नी एवं भनवापुर ब्लाक में जहां बाढ़ का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है वही जनप्रतिनिधि भी क्षेत्र में निकलकर जनता को सुविधाएं मुहैया कराने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं सोमवार को डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल ने त्रिलोकपुर क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों के बीच में जाकर उनसे वार्ता किया और सरकार द्वारा सुविधा व सुरक्षा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया इसी दौरान त्रिलोकपुर के एसएचओ विद्याधर कुशवाहा ट्रैक्टर पर बैठे नजर आए जिसको देखकर सांसद ने उन्हें कड़ी फटकार लगाई सांसद ने कहा कि जहां पूरा क्षेत्र बाढ़ में डूबा हुआ है आम जनता सड़कों पर खड़ी है यहां तक कि उच्च अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भी पानी में घुसकर जनता से वार्ता कर उनको सुरक्षा मुहैया करा रहे हैं वही ट्रैक्टर पर बैठकर आप द्वारा क्या देखा जा रहा है सांसद की फटकार के बाद त्रिलोकपुर एसएचओ विद्याधर कुशवाहा तत्काल ट्रैक्टर से उतर गए और उन्होंने सांसद को बताया कि बाढ़ में सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए एसडीएम को सूचना दे दी गई है लेकिन एसडीएम द्वारा कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है वही सांसद ने कहा कि आज जनता रणधीर मिश्रा को बुला रही है आखिर क्या कारण है कि आप के रहते हुए पूर्व के थानाध्यक्ष को याद किया जा रहा है आप अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें और आम जनता की जो भी समस्या है उसको दूर करने का प्रयास करें आपको बता दें कि सांसद जगदंबिका पाल लगातार भनवापुर डुमरियागंज इटावा के बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों में जाकर बाढ़ पीड़ित व्यक्तियों से लगातार मिल रहे हैं उनको सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे हैं

# डीएम,एसपी ने किया बाढ़ क्षेत्र का दौरा, दिए आवश्यक दिया निर्देश





दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। डीएम संजीव रंजन एसपी अमित कुमार आनन्द तहसील नौगढ़ के बाढ़ क्षेत्र संगलद्वीप, अमरिया, रीवा नानकार, पटखौली, टड़िया, फत्तेपुर ककरही आदि बाढ़ ग्रस्त दर्जनों गांवो का दौरा मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बाढ़ प्रभावित दर्जनों गांव की बाढ़ की स्थितियों का जायजा लेते समय उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं ग्रामीणों से मिलकर उन्होंने उनकी समस्याओं को जाना।

मौके पर उपस्थित एडडीएम प्रदीप कुमार यादव,तहसीलदार रामऋषि रमन सहित समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया कि लगातार बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में भ्रमणशील रहे एवं जहां कहीं भी नाव की आवश्यकता हो तत्काल मुहैया कराई जाए. यदि गांव मैरून हो चुके हैं तो वहां पर खाद्यान्न अथवा पके भोजन की आवश्यकता का आकलन कर तत्काल मुहैया कराया जाए. बाढ़ से हुई फसल क्षति का आकलन कर उन्हें मुआवजे के लिए आख्या प्रेषित कर दिया जाए ताकि कृषकों को यथाशीघ्र उनके फसल की क्षतिपूर्ति की जा सके। इन क्षेत्रों में विद्युत की आपूर्तिध्प्रकाश व्यवस्था के संबंध में भी अपने मातहतों को निर्देशित किया तथा बांधो पर हो रहे रेनकट को जल्द भरने को निर्देशित किया। इस अवसर पर बाढ़ क्षेत्र के लेखपाल रामकरन गुप्ता, अमित पाण्डेय,कमलेश पाण्डेय, विनोद प्रजापति, कृष्णा नन्द चौधरी,अजीत गुप्ता, मनीष चौरसिया, अशोक गुप्ता, रमेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय तनजवा के प्रांगण में घुसा बाढ़ का पानी

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। विकासखंड जोगिया की ग्राम सभा तनजवा में





मौजूद प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में बाढ़ का पानी घुस गया और बूढ़ी राप्ती, नदी की बढ़ते जलस्तर को देखकर क्षेत्र के लोगों में दहशत दिखाई दे रहे हैं प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में बाढ़ का पानी घुसने से बच्चों की शिक्षा हुई ठप जिला प्रशासन ने कोई उपाय नहीं किया तो ऐतिहासिक।

## माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय में थायराइड जाँच मशीन का किया शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० अशोक





कुमार झा ने पूजन अर्चन व फीता काट कर किया थायराइड मशीन का शुभारंभ थायराइड जाँच के लिए देना होगा शुल्क अलग–अलग जाँच के आधार पर लगेगा शुल्क इस दौरान पैथालाजी विभाग के अशोक द्विवेदी, अनिल शर्मा, पवन कुमार, दिनेश गौर, संजीत गुप्ता, राकेश शुक्ला, शिव कुमार, आशाराम, राकेश यादव, अभिलाषा त्रिपाठी, सुरेन्द्र विश्वकर्मा आदि की उपस्थिति रही।

## भाजपाइयों ने देखी महाकाल कोरिडोर का लाइव लोकार्पण

दैनिक बुद्ध का संदेश
उसका बाजार/सिद्धार्थनगर। उज्जैन में प्रधानमंत्री नरेंद्र





मोदी द्वारा महाकाल कोरिडोर का लोकार्पण कल दिन मंगलवार शाम 6 बजे किया गया वही नगर पंचायत उसका बाजार के शिव मंदिर उसका बाजार में थ्री लैंस के माध्यम से महाकाल कोरिडोर का लोकार्पण देखा गया और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भी प्रधानमंत्री की सराहना भी की है। नगर पंचायत उसका बाजार के पूर्व चेयरमैन हेमंत जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुरेश चौहान, भाजपा जिला मंत्री बिंदु मती मिश्रा, गुड्डू अग्रहरी, गोलू अग्रहरी, मनीष अग्रहरी, पिंटू वर्मा, सत्यप्रकाश वर्मा, सोमनाथ मिश्र, रामदरश त्रिपाठी, अशोक जायसवाल, सत्यम पांडेय, सुनील जायसवाल, राकेश आर्या, शिव शरण चौरसिया, मण्डल अध्यक्ष जगदीश जायसवाल, सचिदानंद चौबे, सुरेंद्र पांडेय, दर्पण जायसवाल, संतोष अग्रहरी आदि लोग रहे मौजूद।

# छात्र छात्राओं ने सीखा विश्वविद्यालय में पेपर बनाने की विधि

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थ






विश्वविद्यालय ,कपिलवस्तु , सिद्धार्थनगर के एम एस सी बायोटेक्नोलॉजी के तृतीय सेमेस्टर के छात्रों ने दिनांक 10 तथा 11 अक्टूबर 2022 को दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्व विद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण से छात्र वैज्ञानिक तथ्यों तथा तकनीकी ज्ञान के विविध पक्षों से परिचित तथा लाभान्वित हुए। छात्रों ने पुराने उपयोग किये हुए कागजों को माइक्रोबियल एंजाइम के द्वारा हैंड मेड पेपर बनाने का ज्ञान भी प्राप्त किया। इस शैक्षणिक भ्रमण के क्रम में छात्रों ने बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विभिन्न प्रयोगशालाओं में हो रहे प्रयोगात्मक कार्यों का अवलोकन किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का निर्देशन सिद्धार्थ विश्व विद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के सहायक आचार्य डॉक्टर कपिल गुप्ता तथा डॉक्टर देवबख्श सिंह ने किया। इस अवसर पर दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्व विद्यालय के बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग के आचार्यों प्रोफेसर दिनेश यादव , प्रोफेसर शरद मिश्र , तथा प्रोफेसर राजर्षि गौड़ स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन भी छात्रों को प्राप्त हुआ । इस भ्रमण के दौरान गोरखपुर विश्व विद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग की डॉक्टर ऐमन तनवीर , डॉक्टर अनुपमा तथा शोध छात्राओं श्रुति , प्रियंका , कंचन , सुप्रिया का पूरा सहयोग छात्रों को प्राप्त हुआ ।

# जनपद में हुआ उज्जैन महाकाल कॉरिडोर उद्घाटन का लाइव प्रसारण

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर । नौगढ़ नगर





मण्डल में शिंघेश्वरी देवी मंदिर प्रांगण में प्रधानमंत्री द्वारा उज्जैन में महाकाल कॉरिडोर के उद्घाटन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कार्यकर्ताओं व पार्टी पदाधिकारी के साथ देखते जिलाध्यक्ष गोविंद माधव ने कहा आज का दिन तो ऐतिहासिक दिन है रोम–रोम पुलकित है मन आनंद और प्रसन्नता से भरा हुआ है महाकाल महाराज की भक्ति में पूरा देश डूबा हुआ है हम सभी कार्यकर्ता गदगद और प्रसन्न हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों द्वारा महाकाल महाराज को महाकाल लोक समर्पित कर रहे हैं कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही ने कहा जब से देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है जिस प्रदेश में भाजपा की सरकार है वहां मंदिरों का जीर्णोद्धार तेजी से हो रहा है हमारे हिंदू धर्म हिंदू संस्कृति का सम्मान प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा किया जा रहा है इस दौरान राजेश जयसवाल अर्चिस्मान मिश्र विजयकांत चतुर्वेदी फतेहबहादुर सिंह विपिन सिंह राकेश दत्त त्रिपाठी अनूप चौबे विजय पांडेय मिक्की सिंह आदि उपस्थित रहे

# सपाईयों ने नम आँखों से समाजवादी परोधा पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह को दी श्रद्धांजलि

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। समाजवादी परोधा पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन से आहत जिले के सपाई निवर्तमान सदर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष जोखन चौधरी के अगुवाई में मंगलवार को पार्टी के जिला कार्यालय पर शोक सभा आयोजित कर समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव अब नहीं रहे। सपा नेता, कार्यकर्ता व पदाधिकारियों में शोक की लहर दौड़ गई । सब के सुख–दुख में शामिल होने वाले, उनका हालचाल लेने वाले अभिभावक के निधन से नम आँखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जोखन चौधरी ने कहा कि राजनीति में नेताजी के नाम से प्रख्यात थे मुलायम सिंह यादव उल्लेखनीय है कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक और भारतीय राजनीति के



दिग्गज देश के पूर्व रक्षामंत्री से लेकर उत्तर प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री पद का उन्होंने दायित्व निभाया था । करीब चार दशक तक राजनीति में उनका परचम लहराया था । सपा पिछड़ा वर्ग के पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, सपा जिला प्रवक्ता विजय यादव व मोहम्मद अमून मेकरानी ने धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव का जनपद सिद्धार्थनगर से बहुत लगाव था। इटवा, मैनपुरी व सैफई के भांति बुद्ध भूमि का भी हमेशा तरजीह देते थे। जिसका मुख्य कारण यह जनपद भी सपा पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्व. बृजभूषण तिवारी, पूर्व मंत्री दिवाकर विक्रम सिंह व मलिक कमाल युसुफ समेत पूर्व विधान सभा अध्यक्ष व इटवा विधायक माता प्रसाद पांडेय के कारण उनका यहाँ से अधिक लगाव था। जनपद मुख्यालय का शिलान्यास व उद्घाटन भी मुलायम सिंह यादव के कार्यकाल में हुआ था। नेताओं ने कहा कि उन्हीं के आदेश से पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सिद्धार्थनगर में कपिलवस्तु में सिद्धार्थनगर विश्वविद्यालय बनाया। यहाँ के लोगों के लिए धरतीपुत्र हमेशा याद आएंगे। शोकसभा में घनश्याम जायसवाल, जेपी यादव, अशोक पांडेय, विजय यादव पहलवान, सतीश चौधरी, जिपंस रमजान अली, मोहम्मद जफर, राज कुमार यादव, कृष्ण नाथ यादव, सुग्रीव यादव, राम सेवक लोधी, राकेश यादव, अब्दुल कलाम, फूल चंद पासवान, पंकज चौबे, जुनेद आलम, नफीस अहमद व रियाज अहमद आदि ने सपा संरक्षक को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मुलायम सिंह यादव एक अच्छे नेता थे जो हमेशा जनता के बीच रहेः सांसद जगदंबिका पाल

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर उनके पैतृक निवास सैफई में जाकर अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के पुत्र पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिलकर उन्हें ढांढस बंधया एवं संतावना व्यक्त किया उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव एक अच्छे नेता थे और जनता के बीच में हमेशा रहे हैं जनता उन्हें हमेशा याद करेगी आपको बता दें कि डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल पूरे भारत के किसी भी नेता के दुख दर्द में





लगातार नजर आते हैं अभी जल्दी ही आंध्र प्रदेश ,महाराष्ट्र ,बेंगलुरु आदि के नेताओं के बीच में भी सांसद जगदंबिका पाल देखे गए हैं जहां एक तरफ सांसद जगदंबिका पाल अपने क्षेत्र के बाढ़ पीड़ित जनता के बीच में लगातार पानी में घुसकर सुविधाएं दिलाने का काम कर रहे हैं वही लखनऊ और दिल्ली के नेताओं में भी अपना साथ लगातार बनाए हुए हैं सोमवार को अचानक सफाई पहुंचने पर जनपद सिद्धार्थनगर के जनता ने एक गर्व महसूस किया कि आज हमारा सांसद पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के अंतिम संस्कार में पहुंचकर सिद्धार्थनगर का नेतृत्व किया है जिसके लिए बुद्धिजीवियों में सांसद जगदंबिका पाल कि चर्चा लगातार हो रही है।

# कर्मचारी परिषद के 9वी बार अध्यक्ष बने अनिल सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जिला इकाई सिद्धार्थनगर के द्विवार्षिक अधिवेशन में सोमवार को अनिल सिंह 9वी बार जिला अध्यक्ष बनाए गए। आपको बता दें कि सोमवार को







अंबेडकर सभागार में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जिला इकाई का वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ, लगातार 9वी बार अध्यक्ष पद पर अनिल सिंह का मनोनयन होने पर सभी विभागों के अध्यक्षों द्वारा लगातार बधाई दिया जा रहा है वही ओंकारनाथ को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अधिवेशन में शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने भाग लेते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया था आयुर्वेद संघ के प्रांतीय अध्यक्ष चंद्र प्रकाश पांडे ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई शिक्षक विधायक ने कहा कि संगठन से जुड़कर कर्मचारी मजबूत होते हैं संगठन के माध्यम से कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण कराया जाता है पदाधिकारियों एव सदस्यों की जिम्मेदारी है कि वह कर्मचारियों को मजबूत बनाने में का काम करें शैलेंद्र गुप्ता को जिला मंत्री व राजेश श्रीवास्तव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी नियुक्त किया गया। 9वी बार जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर अनिल सिंह को लगातार सभी विभागों में स्वागत व अभिनंदन किया जा रहा है।

## सम्पादकीय

**अमित शाह ने सरकार की इस नीति को दो–टूक शब्दों में दोहराया है कि जब तक आतंकवाद जारी है, पाकिस्तान से भारत बात नहीं करेगा। मेरी राय यह है कि जब पांडव और कौरव महाभारत यु) के दौरान बात करते थे और अब नरेंद्र मोदी यूक्रेन के सवाल पर पूतिन और झेलेंस्की से बात करने का आग्रह कर रहे हैं तो हम...**

# कश्मीरः अमित शाह की दो–टूक बातें

गृहमंत्री अमित शाह ने बारामूला में 10 हजार से ज्यादा लोगों की सभा को संबोधित किया, यही अपने आप में बड़ी बात है। उनका यह भाषण एतिहासिक और अत्यंत प्रभावशाली था। हमारे नेता लोग तो डर के मारे कश्मीर जाना ही पसंद नहीं करते लेकिन इस साल कश्मीर में यात्रियों की संख्या 22 लाख रही जबकि पिछले कुछ वर्षों में 5–6 लाख से ज्यादा लोग वहां नहीं जाते थे। बारामूला की जनसभा और यात्रियों की बढ़ी हुई संख्या ही इस बात के प्रमाण हैं कि कश्मीर के हालात अब बेहतर हुए हैं, खास तौर से 2019 में धारा 370 के हटने के बाद से! लगभग सभी कश्मीरी नेताओं ने धारा 370 हटाने का बहुत जमकर विरोध किया था लेकिन आजकल उनकी हवा निकली पड़ी है, क्योंकि कश्मीर के हालात में पहले से बहुत सुधार है। मनोज सिंहा के उप–राज्यपाल रहते हुए कश्मीर में अब भ्रष्टाचार करने की किसी की हिम्मत ही नहीं पड़ती। कश्मीर में बगावत का झंडा उठाने वाले और राज करने वाले स्थानीय नेतागण केंद्र से मिलने वाली अरबों–खरबों की धनराशि का जितना इस्तेमाल लोक–कल्याण के लिए करते थे, उससे कई गुना ज्यादा अब होने लगा है। अमित शाह ने कहा है कि पिछले 70 साल में कश्मीर में केंद्र की ओर से सिर्फ 15000 करोड़ रू. लगाए गए थे जबकि अब पिछले तीन साल में 56000 करोड़ रुपयों का विनिवेश हुआ है। कई अस्पताल, विश्वविद्यालय, स्कूल, पंचायत भवन आदि खड़े कर दिए गए हैं। पहले कश्मीर का लोकतंत्र सिर्फ 87 विधायकों, 6 सांसदों और दो–तीन परिवारों तक ही सीमित था लेकिन अब 30,000 पंचों और



सरपंचों को भी स्थानीय विकास के अधिकार मिल चुके हैं। आतंकवादियों ने कुछ पंचों की हत्या भी कर दी थी लेकिन पंचायत के चुनावों में जन–उत्साह देखने लायक था। अमित शाह ने अपने भाषण में कश्मीर के पिछड़ेपन के लिए तीन परिवारों को जिम्मेदार ठहराया है। गांधी–नेहरु परिवार, अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवार! इन तीनों परिवारों ने कश्मीर पर अपना लगभग एकाधिकार बना रखा था, यह तथ्य है लेकिन हम यह न भूलें कि इनमें से किसी ने भी कश्मीर को भारत से अलग करने का नारा नहीं दिया है। वरना, कांग्रेस और भाजपा इनके साथ मिलकर वहां सरकारें क्यों बनातीं? कश्मीर के अलगाववादी नेताओं से भी मेरा गहन संपर्क रहा है, उनमें से एकाध अपवाद को छोड़कर कभी किसी ने कश्मीर को पाकिस्तान में मिलाने की बात नहीं की है। अमित शाह ने सरकार की इस नीति को दो–टूक शब्दों में दोहराया है कि जब तक आतंकवाद जारी है, पाकिस्तान से भारत बात नहीं करेगा। मेरी राय यह है कि जब पांडव और कौरव महाभारत युद्ध के दौरान बात करते थे और अब नरेंद्र मोदी यूक्रेन के सवाल पर पूतिन और झेलेंस्की से बात करने का आग्रह कर रहे हैं तो हम पाकिस्तान से बात बंद क्यों करें? मैं तो शाहबाज शरीफ और नरेंद्र मोदी दोनों से कहता हूं कि वे बात करें। वे खुद बात करने के पहले कुछ गैर–सरकारी माध्यमों के जरिए संपर्क करें। जैसे हमने संकटग्रस्त श्रीलंका और तालिबानी अफगानिस्तान की मदद की, वैसी ही मुसीबत में फंसे पाकिस्तानी लोगों की मदद के लिए भी हाथ आगे बढ़ाएं।

# फैलता जा रहा है संकट

विश्व पर मंडरा रहे आर्थिक संकट के संदर्भ में यह टिप्पणी गौरतलब है कि जब झटके लगते हैं, तो जरूरी नहीं है कि हमेशा गंभीर भूकंप आए। लेकिन बिना झटकों के कभी ऐसे भूकंप नहीं आते। महंगाई, ऊंची ब्याज दर, और कर्ज संकट से पहले दुनिया के कमजोर देश प्रभावित हुए। फिर कहा गया कि उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों पर भी खतरा मंडरा रहा है। इसी बीच बात अब धनी देशों तक पहुंच गई है। उसकी पहली मिसाल ब्रिटेन में देखने को मिली है। ब्रिटेन के बॉन्ड बाजार में जैसी अफरातफरी दिखी है, उसके बाद अर्थशास्त्रियों ने उचित ही यह चेतावनी दी है कि ये झटके दूसरे विकसित देशों तक पहुंच सकते हैं। इस बीच स्विट्जरलैंड के बैंक क्रेडिट सुइसे के दिवालिया होने की अटकलों से चिंता और बढ़ गई है। आशंका यह है कि अगर ये बैंक फेल हुआ, तो उसका लीमैन ब्रदर्स जैसा असर देखने को मिल सकता है। 2007–08 जैसी मंदी की शुरुआत अमेरिकी इन्वेस्टमेंट बैंक लीमैन ब्रदर्स के ढहने के साथ ही हुई थी। ब्रिटेन में संकट का फौरी कारण नई प्रधानमंत्री ली ट्रस की नीतियां बनी हैं। उन्होंने पिछले हफ्ते टैक्स दरों में भारी कटौती की। इसका लाभ ज्यादातर धनी तबकों को मिलेगा।

लेकिन ट्रस सरकार की दलील थी कि इससे आर्थिक विकास दर को गति मिलेगी। मगर उलटा हुआ। ब्रिटिश सरकार के बॉन्ड्स और ब्रिटिश मुद्रा पाउंड की कीमतों में तेजी से गिरावट आई। बैंक ऑफ इंग्लैंड (ब्रिटेन के सेंट्रल बैंक) ने तब सरकारी बॉन्ड्स को खरीदने का फैसला कर बॉन्ड बाजार को संभाला। लेकिन साधारण भाषा में इसका अर्थ यह है कि बैंक नोट की छपाई कर सरकार को देगा। इससे बेशक मुद्रास्फीति और बढ़ेगी। बहरहाल, बात शायद यहीं तक ना रहे। अमेरिका मोटे तौर पर अब गहरे संकट से बचा हुआ है। लेकिन महंगाई वहां भी बेकाबू है। इसलिए माना जा रहा है कि वह भी संकट के असर से बचा नहीं रह पाएगा। इसलिए उचित ही अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल ने कहा है कि ब्रिटेन अभी आगाह करने वाली चिडिया की भूमिका निभा रहा है। स्थिति कितनी बुरी है, इसका अनुमान लगाना अभी मुश्किल है। मगर अमेरिका के पूर्व वित्त मंत्री लैरी समर्स की ये टिप्पणी गौरतलब है– श्जब झटके लगते हैं, तो जरूरी नहीं है कि हमेशा गंभीर भूकंप आए। लेकिन बिना झटकों के कभी ऐसे भूकंप नहीं आते। फिलहाल, झटके जरूर महसूस हो रहे हैं।य

# बोल्ड होंगे गहलोत ?

**उसी दौरान झुंझनू के एक वरिष्ठ विधायक ने राजेन्द्र व्यास से कहा था कि उन्होंने सोनिया गांधी और उनके परिवार के साथ अशोक गहलोत की नजदीकी को बहुत करीब से देखा है। इसलिए 7 दिसंबर 2018 की शाम तक नतीजे आ जाने का इंतजार कीजिए। चंद्रराज सिंघवी की भी गणना थी कि भाजपा बहुत घाटे में नहीं रहेगी। कांग्रेस पार्टी बहुत फायदे में नहीं रहेगी और सरकार कांग्रेस की बनेगी...**

अजय दीक्षित

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राजनीति की पिच पर गुगली फेंकने की कला में माहिर माने जाते हैं। गहलोत सरकार के एक मंत्री का कहना है कि कांग्रेस की सरकार ने चार साल पूरा कर लिया और यहां ऑपरेशन लोटस नहीं चल पाया तो इसका पूरा श्रेय बारीक राजनीति के धुरंधर अशोक गहलोत को ही जाता है। इसका एक बड़ा कारण गहलोत का बैटिंग से ज्यादा फील्डिंग को बेहतर तरीके से सजाना है। हालांकि अजमेर क्षेत्र के एक वरिष्ठ कांग्रेसी का कहना है कि इस बार उनकी रणनीति में शायद चूक हो गई। गहलोत अपनी फिरकी गेंद में खुद ही उलझते दिखाई दे रहे हैं। अशोक गहलोत पिछले सप्ताह कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिलने आए थे। 22 तारीख को वह राहुल गांधी को राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव लडने के लिए मनाने गए थे। इससे पहले अशोक गहलोत ने चुने गए अध्यक्ष के लिए एक व्यक्ति, एक पद का सिद्धांत जरूरी न होने का बयान दे दिया था। जोधपुर के गहलोत के पुराने मित्र का कहना है कि गहलोत ने तभी हवा में स्थिन गेंद उछाल दी थी। सही बात यह भी है कि वह कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना ही नहीं चाहते थे। जयपुर में अशोक गहलोत के एक करीबी मित्र रहते हैं। संगीत की दुनिया से जुड़े हैं। उनका भी कहना है कि गहलोत साहब को दिल्ली में रहकर राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी



कम रास आ रही थी। बताते हैं कि गहलोत इसी इरादे से कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिले थे। लेकिन उनके बयान देने के तत्काल बाद केरल में भारत जोड़ो यात्रा में व्यस्त राहुल गांधी ने इसका कड़े शब्दों में खंडन कर दिया था। राहुल ने अध्यक्ष पद को लेकर अपनी मंशा भी साफ कर दी थी। इस बारे में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी कोई किंतु परंतु नहीं छोड़ा था। बताते हैं केरल से जयपुर लौटने के बाद वह भविष्य की फील्डिंग सजाने में जुट गए, क्योंकि गहलोत को यह इशारा साफ था कि उन्हें जयपुर का होमवर्क पूरा करके पार्टी अध्यक्ष पद पर नामांकन करना है। कांग्रेस पार्टी के एक पुराने महासचिव कहते हैं कि मैं इसमें बहुत कुछ मानने के लिए तैयार नहीं हूं। कांग्रेस अध्यक्ष को जरूर अशोक गहलोत की तमाम आंख मिचौलियों का अंदाजा रहा होगा। यह बात अलग है कि उन्हें बात इस स्तर तक पहुंच जाने का अनुमान शायद न रहा हो। वह कहते हैं कि अशोक गहलोत की राजस्थान के मुख्यमंत्री पद से सम्मानजनक विदाई के लिए इस तरह से राजनीतिक प्रयास हुए थे। लेकिन गाड़ी फंस गई है। वह कहते हैं कि डेढ़ साल पहले भी जयपुर से दिल्ली तक काफी कुछ हुआ था। लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष के विश्वास के सहारे अशोक गहलोत ने बाजी मार ली थी। कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष राहुल गांधी ने समय रहते युवा सचिन पायलट को विधानसभा चुनाव 2018 का बोझ लाद दिया था। भरोसा भी दिया था कि सब ठीक रहा तो राजस्थान की कमान उनके हाथ में रहेगी। लेकिन राजनीति की पिच पर गुगली फेंकने में माहिर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव के ऐन वक्त पर फिरकी फेंककर सचिन पायलट के सपने पर पानी फेर दिया था। दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में बैठकर अशोक गहलोत ने प्रत्याशियों के चयन से लेकर राजनीतिक पैंतरेबाजी में खेल कर दिया था। नतीजतन जयपुर, उदयपुर, बीकानेर, जोधपुर से लेकर दिल्ली तक की मीडिया ने सचिन पायलट के मुकाबले अशोक गहलोत के गुण गाने शुरू कर दिए थे। करीब चार साल पहले अशोक गहलोत के करीबी वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र व्यास के साथ जयपुर से दिल्ली लौटते समय ही इसकी झलक देखने को मिल गई थी। जयपुर में राजनीति के माहिर खिलाड़ी माने जाने वाले चंद्रराज सिंघवी ने चुनाव से पहले ही राजस्थान के भावी मुख्यमंत्री की घोषणा कर दी थी। चंद्रराज सिंघवी ने अमर उजाला संवाददाता को भी बताया था कि अशोक गहलोत की बिछाई चौसर का पायलट के पास कोई तोड़ नहीं है। गहलोत ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को अपने पाले में कर लिया है। और निर्दलीय तथा बसपा से समर्थक प्रत्याशियों को खड़ा करके अपना रास्ता आसान कर लिया है। मिर्धा परिवार के करीबी राजनीतिक रणनीतिकार का कहना था कि चुनाव का नतीजा आने के बाद कांग्रेस हाई कमान के पास गुंजाइश कम रहेगी। उसी दौरान झुंझनू के एक वरिष्ठ विधायक ने राजेन्द्र व्यास से कहा था कि उन्होंने सोनिया गांधी और उनके परिवार के साथ अशोक गहलोत की नजदीकी को बहुत करीब से देखा है। इसलिए 7 दिसंबर 2018 की शाम तक नतीजे आ जाने का इंतजार कीजिए। चंद्रराज सिंघवी की भी गणना थी कि भाजपा बहुत घाटे में नहीं रहेगी। कांग्रेस पार्टी बहुत फायदे में नहीं रहेगी और सरकार कांग्रेस की बनेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ही होंगे। ऐसा न हुआ तो मध्यावधि चुनाव या फिर भाजपा की सरकार बनेगी।

**मीडिया खुले आम थरूर का प्रचार कर रहा है। अखबार में फोटो छापता है तो पहले थरूर का फिर खड़गे का। कोई उनसे पूछे कि भाजपा सरकार की कोई उपलब्धि बताने वाली खबर के साथ वे पहले गडकरी का, फिर राजनाथ का, फिर अमित शाह का और अंत में मोदी का छाप सकते हैं? क्या रिएक्शन होगा यह बताने की जरूरत है? मगर कांग्रेस में तो किसी को भी किसी पर प्रमुखता दे सकते हैं...**

# कांग्रेस के लिए मीडिया है सास!

शकील अखध्तर

सब जानते हुए भी एक बार कोई यह नहीं कहेगा कि कांग्रेस के चुनाव दूसरी सभी पार्टियों से अलग, उचित तौर तरीके से होते हैं या हो रहे हैं। मीडिया से कोई यह नहीं कह रहा कि भाजपा भी ऐसे संगठन चुनाव करके बताएं। भाजपा में ऐसे कभी नहीं हो सकतॉ और न हो रहे है। मगर इतना तो कह सकता है कि कांग्रेस के इन चुनावों में हमने अपने सबसे छिद्रान्वेषी रिपोर्टरों को लगाया मगर वे भी कोई कमी नहीं ढूंढ पाए। लेकिन मीडिया सास बना हुआ है। कुछ न कुछ तो कहना है। तो कह रहा है कि कांग्रेस की अग्नि परीक्षा ली जा रही है। मगर उसमें खरा उतरने पर भी क्लीन चिट की कोई संभावना नहीं है। कांग्रेस के अध्यक्ष पद का चुनाव इतना विधिवत, पारदर्शी हो रहा है कि उसमें नियमों के स्तर पर कोई एक गलती भी नहीं निकाल पा रहा है। कांग्रेस के ही जो नेता चुनाव प्रक्रिया और मतदता सूचि पर सवाल उठा रहे थे वे भी कांग्रेस मुख्यालय आकर खडगे के समर्थन में नामांकन पत्र पर प्रस्तावक बन गए। मगर सवाल है कि खत्म नहीं हो रहे।

क्यों? क्योंकि खुद कांग्रेस के नेताओं सहित, विरोधी भाजपा, अन्य विपक्षी दल और मीडिया ने उसे साफ्ट टारगेट ( कमजोर, प्रतिरोध न करने वाला) समझ लिया है। यह कांग्रेस की अपनी कमी है। अति उदारवाद, आदर्श से यह स्थिति बनी है। समाज में उतना ही आदर्शवाद चलता है जितना समाज में खुद होता है। मगर राहुल गांधी इस बात को समझने को तैयार नहीं हैं। वे गांधी जी वाले सिद्धांत पर काम कर रहे हैं। कि जितना मैं सत्यनिष्ठ हूं उतना ही सब को बनाऊंगा। लेकिन सामान्य मानव में परिवर्तन की गति बहुत धीमी है। और इसीलिए आदर्श और यथार्थ के बीच गहरी खाई है। मगर उसे ऐसा ही नहीं छोड़ा जा सकता। इसलिए दुनिया भर में नेता, दार्शनिक, लेखक, विचारक इसे भरने की कोशिश करते रहते हैं। सुकरात की तरह जहर पीकर भी। राहुल को आप किसी भी श्रेणी में न रखें। मगर वे एक सबसे नए अध्येता और पथिक के तौर पर यह काम लगातार कर रहे हैं। 18 बरस से। उन्होंने यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई के आंतरिक चुनाव पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त लिंगदोह की देखरेख में करवाए। अभी भी अगर इस चुनाव आयोग की विश्वसनीयता वैसी ही होती तो राहुल जरूर कहते हैं कि उन्हें अपना एक पर्यवेक्षक कांग्रेस के इस चुनाव में भेजना चाहिए। मगर आज तो हालत यह है कि अगर पर्यवेक्षक आया तो वह अपने साथ ईवीएम भी लेता आएगा। और साथ में फरमान भी की किस को जिताना है। तो खैर यह सब कांग्रेस की अपनी कमजोरी की वजह से है। नहीं तो एक समय ऐसा था कि जब इन्दिरा गांधी ने कहा नहीं, मगर संदेश यह गया कि इन्दिरा जी ऐसा चाहती हैं तो बाल ठाकरे खुद मुम्बई आकाशवाणी जाकर इन्दिरा जी का समर्थन करके आए। 1975 में। राजनीति ऐसे ही होती है। आप जब कुछ करते हैं तो जाहिर है उसका समर्थन चाहते हैं। और उसके लिए प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष प्रयास भी करते हैं। ऐसा नहीं होता कि आप कोई फैसला लें और उसे हवा में छोड़ दे कि जो करे (समर्थन) उसका भी भला और जो न करे उसका भी भला। राहुल की भलमनसाहत की राजनीति देश में एक बिल्कुल नया प्रयोग है। कड़ी मेहनत, मजबूत इरादे और नई पहल करने के दुस्साहस की हद तक। समय बताएगा इसके नतीजों को। मगर एक बात राहुल को याद रखना चाहिए कि वे राजनीति में काम कर रहे हैं। और एक पार्टी के साथ। उनका हर फैसला पार्टी पर प्रभाव डालेगा और साथ ही उसके हजारों नेताओं और कार्यकर्ताओं के राजनीतिक जीवन पर भी। यहां जनता का मुद्दा अलग है। क्योंकि उसे ऐसे विरल, विकट नेताओं से हमेशा फायदा ही होता है। सत्ता उनके डर से जनता की तरफ ज्यादा आती है। मगर पार्टी को भी मजबूत होना चाहिए। एक भी रहना चाहिए। टूट से हर एक को खतरा लगना चाहिए कि पार्टी की टूट उन्हें भी कमजोर करेगी। खूंटा (केन्द्र) इतना मजबूत होना चाहिए कि उससे अलग हो जाने के बाद अहसास हो कि हम कहीं के नहीं रहे। लालू प्रसाद यादव ने यह राजनीति करके दिखाई है। नीतीश को वापस लौटना पड़ा। यह कोई छोटी घटना नहीं है। मोदी जैसी ताकतवर सत्ता को छोड़कर वापस आना बहुत हिम्मत का काम है। और यह हिम्मत नीतीश को लालू के साथ हमेशा खड़ी जनता से मिली। मोदी राज में लालू ने आठ साल में दो बार सरकार बना ली। उधर दूसरी तरफ करीब करीब उसी रूप के दूसरे राज्य उत्तर प्रदेश में अखिलेश लगातार दूसरी बार हार गए। यह तुलना इसलिए कि अखिलेश की पार्टी का आधार भी करीब करीब लालू की पार्टी जैसा ही है। मगर फर्क दोनों के साहस और खतरे लेने की क्षमताओं पर है। लालू इतने लंबे जेल के बाद भी नहीं डरे। मगर मुलायम और अखिलेश मुकदमे चलने की संभावनाओं से ही डर गए। लालू का अस्तित्व अभी भी बना हुआ है। और उम्र, बीमारियों, वापस जेल जाने की आशंकाओं के बावजूद और मजबूत होता जा रहा है। आज विपक्ष की एकता की वे धूरी बन रहे हैं। यह सब क्यों? इसकी एक ही वजह है कि वे अनर्गल आलोचनाओं की परवाह नहीं करते। उनका उसी भाषा में जवाब देते हैं। भाजपा और संघ को इतना तुर्की ब तुर्की जवाब किसी और ने नहीं दिया होगा। इसलिए भाजपा, संघ और मीडिया भी उन पर इस तरह हमले नहीं करती जैसा कांग्रेस पर करती रहती है। कांग्रेस की तो हर बात पर शक। लोग कहते हैं उसी को आधार बना लेते हैं। ऐसे ही लोगों के कहने पर सीता को अग्नि परीक्षा में खरा उतरने के बावजूद लोकलाज में वन भेजना पड़ा था। कांग्रेस भी बाकायदा सूचना देकर, नोटिफिकेशन निकालकर, इलेक्शन अथारटी बनाकर चुनाव करवा रही है। और पहली बार नहीं। हर बार ऐसे ही करवाएं हैं। ये आज जो पत्रकार किसी ने किसी कमी को सूंघने के लिए रोज इलेक्शन अथारटी के दफ्तर के आसपास चक्कर लगाते हैं वही हैं जिन्होने 2017 के भी कांग्रेस के चुनाव कवर किए थे।

मगर उस समय भी कुछ नहीं निकला। और इससे पहले जब सोनिया के खिलाफ जितेन्द्र प्रसाद लड़े। मतदान हुआ तब भी। न इससे पहले सीताराम केसरी के खिलाफ जब शरद पवार और राजेश पायलट लड़े तब भी। यह सब 25– 30 साल के बीच की घटनाएं हैं। तमाम पत्रकार मौजूद हैं। मगर किसी एक की भी आंखों देखी गवाही यह मीडिया नहीं दिला सकता की गड़बड़ी हुई। मगर सब जानते हुए भी एक बार भी यह नहीं कहेगा कांग्रेस के चुनाव दूसरी सभी पार्टियों से अलग, उचित तौर तरीके से होते हैं। या हो रहे हैं। मीडिया से कोई यह नहीं कह रहा कि कहे कि भाजपा में ऐसे चुनाव नहीं हो सकते। नहीं हुए कभी। मगर इतना तो कह सकता है कि कांग्रेस के इन चुनावों में हमने अपने सबसे छिद्रान्वेषी रिपोर्टरों को लगाया मगर वे भी कोई कमी नहीं ढूंढ पाए। लेकिन मीडिया तो सास बना हुआ है। कुछ न कुछ तो कहना है। तो कह रहा है कि केरल के कांग्रेस अध्यक्ष थरुर के विरोधी! अरे भैया केरल के सांसद (थरुर) चुनाव लड़ रहे हैं। और आप वहां के प्रदेश अध्यक्ष से चाहते हैं वह चुप रहे! उसे बताना तो पड़ेगा कि थरुर को लोकसभा के लिए टिकट देने की अनुशंसा जरूर प्रदेश कांग्रेस ने की थी। मगर अध्यक्ष का चुनाव लडने के बारे में उन्होंने हमसे कोई बात नहीं की। अगर कोई यह कह रहा है कि हमारी सहमति से लड़ रहे हैं तो यह गलत बात है। मीडिया कह रहा है कि वे कैसे कह सकते हैं? अरे भाई चुनाव हैं।



# आसमान से बरसी जल प्रलय, चारों तरफ मचा हाहाकार

## बैराजों से छोड़े गये 7 लाख क्यूसेक पानी ने फैलाया तबाही का मंजर

रेउसा (सीतापुर) । क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश व बैराजों से छोड़े जा रहे लाखों क्यूसेक पानी के चलते उफनाई घाघरा और शारदा नदियों ने गांजरी क्षेत्र में तबाही मचा दी है। वहीं आसमान से आफत बनकर बरस रही बारिश लोगों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है। .देर रात बैराजों से छोड़े गए लगभग सात लाख क्यूसेक पानी ने क्षेत्र में हाहाकार मचा दिया। चारों तरफ पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। क्षेत्र के करीब आधा सैकड़ा गांव के डेढ़ सौ मजरे जलमग्न हो गए हैं। वहीं करीब तीन दर्जन से अधिक संपर्क मार्गों पर बाढ़ का पानी बह रहा है। जिससे गांव का आवागमन बाधित हो गया है। ग्रामीणों को आवागमन करने के लिए नाव का ही एक सहारा बचा है। जिन गांवों तबाही का मंजर अधिक है। वहां तक तहसील प्रशासन के कर्मचारी लंच पैकेट वा जरूरत का सामान नहीं पहुंचा पा रहे हैं। लोगों के घरों में एंकर जलभराव की वजह से लोगों के घर में चूल्हा नहीं जल सका है। ग्रामीणों ने बताया कि लंच पैकटों का वितरण बाढ़ चौकी पर हो रहा है। वहीं सड़कों पर गाड़ी खड़ी करके हो रहा है। ऐसे में अधिकांश ग्रामीण वहां तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। लोगों ने बताया कि अगर स्टीम व नाव से लंच पैकेट गांव तक भेजवाने की मांग की है। चारों तरफ पानी भरा होने की वजह से लोग मजदूरी भी नहीं जा पा रहे हैं। ऐसे में लोगों के सामने दो वक्त की रोटी का संकट पैदा हो गया है। इसके साथ ही सबसे बड़ी समस्या मवेशियों के लिए है। जलभराव की वजह से मवेशियों के चारे की भी समस्या पैदा हो गई है। मवेशी दरवाजे पर भूखे बंधे हैं। बाढ़ प्रभावित गांव के लोगों का कहना है कि नावें भी पर्याप्त मात्रा में नहीं लगाई गई हैं। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

बाढ़ के पानी ने चारों ओर हाहाकार मचा दिया। वहीं दूसरी और आसमान से हो रही बारिश ने भी ग्रामीणों की फसलों को चौपट कर दिया है। तटवर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों के घरों में कमर बराबर से ज्यादा बानी पानी भरा हुआ है। खाने–पीने एवं मवेशियों के चारे की समस्या तो उत्पन्न है ही है। ग्रामीण अपने घरों में कैद होकर घर की छत या तखत के ऊपर तखत रखकर खाने–पीने एवं सोने की व्यवस्था कर रखी है। झोपड़ी हम कच्चे घरों वाले ग्रामीणों सुरक्षित स्थानों की तरफ नाव पर सवार होकर पलायन कर गए हैं। वहीं शासन–प्रशासन हो के कर्मचारी नदी के तटवर्ती गांवों तक राहत सामग्री पहुंचाने में असमर्थ साबित हो रहे हैं। अत्यधिक पानी होने के चलते खतरे की समस्या उत्पन्न हो रही है। रेउसा क्षेत्र के तीस गांव के करीब एक सैकड़ा मजरे एवं संपर्क मार्ग बाढ़ के पानी से भरे हुए है। जिन पर नावों का आवागमन धीरे–धीरे ग्रामीणों द्वारा खाने–पीने एवं आवागमन के लिए किया जा रहा है। बाढ़ का पानी लगातार बढ़ रहा है। जैसे बजहा दूलामऊ ताहपुर, पकौरी, सेमरा, जटपुरवा, म्योढी छोलहा, गौलोक कोडर, बसंतापुर, हरिहरपुर, नेवादा, सूकेठा, भरथा, मारूबेहड़, चहलारी, राजापुर कला, लालपुर रामीपुर, गोड़वा, खानी, हुसैनपुर, रंडाकोड़र, डलिया, शिवपुरी, महेशपुर, टपरा आदि गांव बाढ़ की चपेट में हैं।

तटवर्ती गांव के ग्रामीण कम्हरिया शेखुपुर बढ़हिन पुरवा द्वारकी जटपुरवा मुड़ी म्योढी छोलहा दुर्गा पुरवा गांव के बालक राम यादव जगदीश शिव प्रकाश मथुरा प्रसाद अवस्थी जोगिंदर नरेश फूलचंद द्वारिका सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने बताया सिंचाई विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा नदी के किनारे किनारे कटान रोधी तटबंध निर्माण कार्य किया गया था। वह सब असफल साबित हुआ है। घाघरा और शारदा नदियों ने छड़ भर में काटकर आधे से ज्यादा समाप्त कर दिया है। प्राथमिक विद्यालय श्रीरामपुरवा, प्राथमिक विद्यालय म्योढी छोलहा, जटपुरवा, दुर्गा पुरवा, पासिन पुरवा, गार्गी पुरवा, चौकी पुरवा, रेती पुरवा, लोध पुरवा सहित गांव के ग्रामीण भयभीत हैं। उन्होंने बताया इतनी तेजी से बढ़ रहे जलस्तर के साथ साथ है। नदियां कटान कर रही हैं। खतरा बढ़ता जा रहा है। वहीं सिंचाई विभाग के जिम्मेदार अधिकारी पुष्कर वर्मा कहते हैं थोड़ा बहुत नुकसान हुआ है उसको बाढ़ के बाद निर्माण कार्य किया जाएगा।

डीएम व एसपी ने किया बाढ़ क्षेत्र का दौराः रेउसा (सीतापुर) । जिलाधिकारी अनुज कुमार सिंह एसपी खुले सुशील चंद्रभान सिंह ने बाढ़ प्रभावित इलाके चहलारी घाट मालूम है आदि गांव का दौरा किया। लगभग 2 बजे जिलाधिकारी व एसपी मारुबेहड़ चौकी पहुंचे। वहां पर बाढ़ पीड़ितों की समस्याएं सुनी व जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही रेउसा बहराइच मार्ग पर श्याम नगर गांव के लोग गांव में पानी भर जाने की वजह से झिल्ली तिरपाल डालकर गुजर बसर कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने लोगों का हाल जाना। इसके बाद चहलारी घाट पुल पर पहुंचकर घाघरा और शारदा नदियों का जलस्तर देखा। इसके बाद जिलाधिकारी का काफिला रेउसा ब्लॉक को निकल गया है। जहां पर डीएम अधिकारियों कर्मचारियों से बाढ़ की समस्याओं की समीक्षा करेंगे।

## जेई के विरुद्ध कार्यवाही को लेकर मनरेगा मजदूरों ने की मांग

हरदोई ।शारदा नगर के लखनऊ ब्रांच की पडरवा सेक्टर के द्वारा नहर पटरी पर सफाई व्यवस्था व झाड़ी कटाई कार्य करने वाले मजदूरों से जेई के द्वारा कार्य कराने के बाद भुगतान न करके फर्जी तरीके से होने वाले कार्य से 15 किलोमीटर दूर के मजदूरों के खातों पर फर्जी रूप से भुगतान कर कार्य करने वाले मनरेगा मजदूरों का शोषण किया जा रहा है व जिन मजदूरों के खातों पर भुगतान किया गया है वह भी मजदूर भी धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंच कर जेई के विरुद्ध गरजे। उन्होंने कहा कि मेरे खातों पर फर्जी भुगतान किया गया है। किसान नेता राहुल मिश्रा ने कहा कि नहर विभाग जेई के द्वारा गरीबों के साथ अन्याय किया गया है धरना प्रदर्शन में उक्त जेई के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की जायेगी। मौसम खुलने पर होगी किसान महा पंचायत धरना स्थल पर बैठे किसान शंभू नाथ दीक्षित के कहा कि गांव की सड़के अति जर्जर है सफाई व्यवस्था चौपट है । आवारा गौवंश किसानो की फसलों को बर्बाद कर रहे है । धरना स्थल पर राशन वितरक के द्वारा घटतौली ,जर्जर सड़को ,आवारा गौवंश ,आंगनबाड़ी के द्वारा पोषाहार वितरण न होना ,जैसी 19 सूत्रीय मांगो को लेकर किसान भारी के बीच धरना स्थल पर बैठे। इस मौके पर राहुल मिश्रा ,अतुल दीक्षित ब्लाक अध्यक्ष पिहानी ,शिवम मिश्रा कारवां ,लाल बहादुर राठौर रामपुर , कृष्ण पाल ,तंजीम ,मुईन खान , रफ्फन खान आदि मौजूद रहे।

## 1997 में तिहरे ब्राह्मण हत्याकांड में बतौर रक्षा मंत्री मुलायम सिंह पीड़ित परिवार से आए थे मिलने

हरदोई। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव का कटियारी क्षेत्र के विकास पुरुष समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक विश्राम सिंह यादव के साथ गहरे रिश्ते रहे हैं। वह कई बार उनके चुनाव प्रचार में आए। 19 97 में हरपालपुर के एक ब्राम्हण परिवार में हुए चौहरे हत्याकांड के बात बतौर देश की रक्षा मंत्री मुलायम सिंह पीड़ित परिजनों से मिलने आये थे। दो बार विधायक स्वर्गीय विश्राम सिंह यादव के 2008 में निधन हो जाने के बाद उनके पुत्र सपा के जिलाध्यक्ष पदमराग सिंह की ओर से उनके जन्मदिन के अवसर पर 16 जनवरी 2011 को पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने हरपालपुर के कटियारी डिग्री कॉलेज में मूर्ति का अनावरण किया था। नेता जी मुलायम सिंह और बाबू विश्राम सिंह की अच्छी मित्रता थी। यही वजह रही कि आज चुनाव हारने के बाद भी नेता जी ने स्वर्गीय बाबूजी को लगातार पार्टी का टिकट दिया।भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी राम सिंह यादव ने मुलायम सिंह के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि नेताजी अपने कार्यकर्ताओं का हमेशा ख्याल रखते थे। वह एक जमीनी नेता थे। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष परमराग सिंह पम्मू ने नेता जी के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि नेताजी पार्टी के छोटे से छोटे कार्यकर्ता को मान सम्मान देते थे। उनके विधान से पार्टी और देश के लिए अपूर्णनीय क्षति है। सपा के निवर्तमान जिला महासचिव वीरेंद्र सिंह यादव वीरे ने कहा कि नेताजी नेताजी गरीब शोषित वंचित पीड़ित युवा नौजवानों के लिए मसीहा थे।

## भारी बारिश से पुलिस आफिस जलमग्न,लोगों के घरों में घुसा पानी

प्रतापगढ़ । बीती रात हुई मूसलाधार बारिश से शहर के कई मोहल्लों में जलभराव हो गया और लोगों का घर से निकलने में भारी परेशानी उठानी पड़ी। सिनेमा रोड, सब्जी मंडी, सरोज चौराहा व अरविन्द नगर देवकली की सड़कें जलमग्न हो गई। अधिक बारिश होने के कारण नालियों से पानी निकल नहीं पाता है ।समय से नालियों की साफ सफाई नहीं होने से नालियों जाम हो गई हैं। जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के फलस्वरूप पुलिस अधीक्षक कार्यालय पानी से पूरा भर गया है। ऐसी ही हालात प्रताप बहादुर जिला चिकित्सालय परिसर का भी है। वहां चारों तरफ पानी भर गया। पूरा परिसर जलमग्न है ।05 अक्टूबर को हुई भारी बरसात से नगरवासियों के घरों में पानी घुस गया था और लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी थी लेकिन नगरपालिका द्वारा ऐसी समस्या के स्थाई समाधान की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। जल निकासी की नालियां जाम हो गई है। नालियों का गंदा पानी बस्ती व मोहल्लों में बह रहा है। नाली का गंदा कीचड़ बस्तियों में फैल गया है। बरसात के मौसम में चारों ओर व्याप्त गन्दगी एवं पानी के ठहराव से मच्छरों का आक्रमण बढ़ गया है। इस समय डेंगू का प्रकोप भी बढ़ रहा है ।50 के लगभग मरीज डेंगू की गिरफ्त में आ चुके हैं। मच्छरों के प्रकोप एवं डेंगू से बचाव की सावधानी के लिए दवा आदि के छिड़काव नगरपालिका द्वारा नहीं कराया जा रहा है और ना ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऐसी जानलेवा समस्याओं के निराकरण के लिए कोई सार्थक कदम उठाया जा रहा है।

## शानो शौकत के साथ निकाला गया जुलूस–ए–मोहम्मदी का जुलूस

सिधौली (सीतापुर) । पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाह अलेही वसल्लम की यौमे पैदाइश के मौके पर जुलूस मोहम्मदी का जुलूस शानो शौकत के साथ निकाला गया। कस्बा बाड़ी के बड़े कुएं के मेले के मैदान से कुरान पाक की तिलावत के साथ प्रातः जुलूस मोहम्मदी के जुलूस का आगाज अदब के साथ किया गया। लगातार हो रही बारिश के बावजूद जुलूस तय शुदा कार्यक्रम के साथ चयनित मार्गो से निकाला गया। जुलूस बाड़ी कस्बे के मुख्य मार्ग से होता हुआ बिसवां चौराहा पहुंचा। जहां सिधौली, अहमदपुर जाट, अलादादपुर, गढ़िया हसनपुर आदि अंजुमने संयुक्त रूप से सम्मिलित हुई। जुलूस नेशनल हाईवे से होता हुआ महमूदाबाद चौराहा पहुंचा वहीं से पावर हाउस रोड होता हुआ बाड़ी का मेला मैदान पर पहुंचा। जहां जुलूस का समापन किया गया। अंजुमन आशिकाने रसूल मरकजी कमेटी के तत्वाधान में आयोजित होने वाले जुलूस ए मोहम्मदी के जुलूस में सबसे आगे ऊंट व घोड़े सम्मिलित रहे। उसके पीछे क्षेत्र की विभिन्न अंजुमनों द्वारा नबी की शान में झंडे व बैनर लेकर नारे तकबीर अल्लाह हू अकबर, नारे रिसालत या रसूल अल्लाह के नारे बुलन्द करते हुए व अदब के साथ नात पढ़ते हुए चल रहे थे। जुलूस के सबसे आगे कौमी एकता के मद्देनजर नजर राष्ट्रीय ध्वज साथ लेकर चल रहे थे। हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक यह जुलूस का स्वागत चेयरमैन प्रतिनिधि गंगाराम राजपूत तथा अन्य हिदू मुस्लिम भाइयों के द्वारा जगह जगह स्वागत किया गया। इसके अलावा जगह–जगह स्टाल लगाकर लोगों द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। जुलूस ए मोहम्मदी में मुख्य रूप से कमेटी के अध्यक्ष हाजी जलीसअंसारी, उपाध्यक्ष फुरकान अली, मोहम्मद नफीस सिद्दीकी, जमाल अहमद उर्फ कल्लन, सय्यद अहमद, फजल अहमद, सगीर अहमद, रियाज अहमद, कमेटी के आदि पदाधिकारियों समेत सलीम खा, अच्छन, रामपाल भार्गव, जावेद, कमर, रेहान, आलम, रिजवान, आशिफ, मुशीर आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। जुलूस ए मोहम्मदी के जुलूस के चलते लगभग 7 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रही। विद्युत विभाग द्वारा किसी अनहोनी की आशंका के चलते एहतियात के तौर पर यह कदम उठाया गया और पूरा दिन के लिए बिजली काट दी गई। सुबह लगभग 10 बजे काटी गई बिजली शाम के लगभग 6 के करीब बिजली की सप्लाई की गई। जिससे धावली नागरिकों को काफी परेशानियां उठानी पड़ी।

## लगातार बारिश का कहर, बर्बाद हुए किसान

पहला (सीतापुर) । जिले में लगातार हो रही कई दिनों से बारिश ने किसानों को फसल बर्बाद कर उनकी कमर तोड़ दी है और निरीह मासूम जानवरों वा पशुओं को उठने बैठने तथा चारा पानी भी नसीब नहीं हो रहा है। भारी बारिश के कारण धान गन्ना उरद की फसलों का काफी नुकसान हुआ है। जिसके चलते किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। काफी नुकसान की तो बात ही क्या की जाए। इस समय किसान की फसलें पूरी तरह से नष्ट हो चुकी हैं। खेतों में चारों तरफ पानी ही पानी दिख रहा है। अगर ऐसा ही रहा तो जो फसलें बची हुई है वह भी पूर्ण रूप से नष्ट हो जाएंगी और किसान भुखमरी की कगार पर आ जाएंगे कुछ किसानों ने मीडिया कर्मियों को अपना दुख दर्द रो–रो कर बयां किया है और सरकार से मदद की गुहार लगाई है। अब देखना यह है की सरकार इनके लिए क्या योजनाएं लाती है। बीते छह दिनों से लगातार हो रही झमांझम बारिश से जहां जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं पक्के मकान तक टपकने लगे हैं । गांवों में अत्यधिक जल भराव होने के कारण कच्चे मकान गल कर गिरने लगे है। कच्चे मकान व झोपड़ी में रहने वाले लोग खुले आसमान के नीचे रहने पर मजबूर हो रहे हैं। विकासखंड मिश्रित की ग्राम पंचायत मुड़ियारा के मजरा शिवपुरी निवासी गरीब अश्वनी कुमार पुत्र शिवनरायन को पात्र होने के बावजूद भी सरकारी आवास का लाभ आज तक नही मिला। जिससे वह अपना कच्चा मकान बनाकर परिवार के साथ गुजर बसर कर रहे थे। बीते छे दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते उनका कच्चा मकान भी गिर कर ध्वस्त हो गया है। हालांकि यह हादसा आज दिन में हुआ है। जिससे कोई जन हानि नही हुई है। घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल और तहसील प्रशासन को दिए जाने के बावजूद भी कोई भी प्रशासनिक अधिकारी मौके पर आंशू पोछने तक नही पहुंचा है।

## बड़े बकायेदार विभागों से बिजली का बकाया जमा कराने की कार्रवाई प्रारंभ करें:जिलाधिकारी

### समय से आईजीआरएस शिकायतों निस्तारण न कराने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जायेगी:-डीएम

हरदोई ।विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में माननीय मुख्यमंत्री जी के 37 बिन्दुओं की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए कि बड़े बकायेदार विभागों से बात कर बिजली का बकाया जमा कराने की कार्रवाई प्रारंभ की जाये। उन्होंने बिजली बिलों में गड़बड़ी को लेकर अधिशाषी अभियंता विद्युत को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को बेसहारा गोवंशों को लेकर निर्देश दिए। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी अन्त्योदय कार्ड धारकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाए। इसके लिए जिला पूर्ति अधिकारी सभी कोटेदारों की बैठक कराएं। स्वास्थ्य विभाग को पूर्ति विभाग के साथ बेहतर समन्वय के साथ लक्ष्य को जल्द प्राप्त करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सभी स्थापित हेल्थ वेलनेस सेंटरों को क्रियाशील रखने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग को निर्माणाधीन वेलनेस सेंटरों को जल्द पूर्ण कर हैंड ओवर करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय आजीविका मिशन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि लक्ष्य के अनुरूप कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए। जिला पूर्ति अधिकारी को 02 रिक्त दुकानों की आवंटन प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग को सामूहिक विवाह योजना के लिए लक्ष्य के अनुरूप आवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिए। योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए।

इस कार्य मे ग्राम प्रधानों व कोटेदारों का भी सहयोग लिया जाए। खराब प्रगति पर जिला समाज कल्याण अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को निर्देश दिए कि विद्यालयों से छात्रवृत्ति के लिए पात्र छात्रों की सूची जल्द प्राप्त करने के निर्देश दिए। सूची न भेजने वाले कॉलेजों की सूची डीआईओएस को देने के निर्देश दिए। धीमी प्रगति को लेकर अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में आई0जी0आर0एस0 से संबंधित लम्बित प्रकरणों पर जिलाधिकारी ने जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये। मुख्यमंत्री कार्यालय, शासन तथा जनता मिलन आदि से प्राप्त शिकायतों को प्रतिदिन देखें और समस्त शिकायतों का निस्तारण निष्पक्ष, गुणवत्ता पूर्ण एवं समय पर करायें और समय से आईजीआरएस शिकायतों निस्तारण न कराने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना, अपर जिलाधिकारी वंदना त्रिवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा राजेश तिवारी, जिला विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राम प्रकाश वर्मा सहित व अन्य सभी संबंधित विभाग के अधिकारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता के निधन पर लोगों में शोक

प्रतापगढ़प्रतापगढ़ । वरिष्ठ अधिवक्ता व भाजपा के नेता गणेश नारायण मिश्र का . शाम निधन हो गया। वह पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। इसके पूर्व बीमार होने पर वह एसजीपीजीआई में इलाज के लिए भर्ती हुए थे। इधर तबीयत खराब होने पर उन्हें बलीपुर स्थित चारु नर्सिंग होम में भर्ती किया गया जहां इलाज के दौरान शाम उनका निधन हो गया। श्री मिश्र अत्यंत सरल व परोपकारी प्रवृत्ति के थे।

किसी जरूरतमंद को तन्मयता से मदद करते थे। गणेश नारायण मिश्र भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष थे। संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं के बीच अपनी गहरी पैठ रखते थे। उनके निधन पर भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेताओं, अधिवक्ताओं एवं कार्यकर्ताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त किए हैं।

श्रृंगवेरपुर घाट पर सांसद कौशांबी विनोद सोनकर, सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी सरीके अनेक लोगों ने गणेश नारायण मिश्र के दाह संस्कार में सम्मिलित होकर संवेदना व्यक्त किए हैं।

## अन्नपूर्णा साहित्य संगम की साप्ताहिक काव्य गोष्ठी का आयोजन

सीतापुर । अन्नपूर्णा साहित्य संगम ने अपने साहित्यिक सफर को जारी रखते हुए साप्ताहिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। शहर के जेल रोड स्थित सरस्वती संगीत महाविद्यालय के सभागार में आयोजित काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता पुष्पा अवस्थी ने की, तथा संचालन ए०के० मिश्र के द्वारा किया गया। अंबुज दीक्षित एकांत पथिक की वाणी वंदना से काव्य गोष्ठी का शुभारंभ हुआ। संस्थान अध्यक्ष नवीन द्विवेदी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि कविता एक सशक्त माध्यम है अपनी बात को समाज के सामने रखने का इसलिए सभी साहित्यकारों से निवेदन है कि अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को सही दिशा देने की कोशिश करें। इस अवसर पर आदरणीया पुष्पा अवस्थी, अशोक मिश्र, के०पी० मिश्र, अवधेश शुक्ल, एस०एन० शुक्ल, सतीश चंद्र वर्मा, राज बहादुर वर्मा, कन्हैयालाल शुक्ल,अंबुज दीक्षित, गीता श्रीवास्तव, सीमा बाजपेई, सूरज सीतापुरी, बृजेंद्र मिश्र आदि ने काव्यपाठ कर गोष्ठी की शोभा बढ़ाई। अंत में राष्ट्र गान के साथ सभा का समापन हुआ।

## शिकायतों के निस्तारण के लिए स्थापित किया गया कन्ट्रोल रूम

सीतापुर । तहसीलदार सदर ने बताया कि वर्तमान समय में भारी वर्षा होने के कारण जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जिस कारण तहसील सदर, सीतापुर के कक्ष संख्या–13 में बाढ़ कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका नम्बर–05862–796837 है। जिसमें राघवेन्द्र सिंह यादव व प्रवीन कुमार की ड्यूटी प्रातः 10.00 से रात्रि 08.00 बजे तक जिनके पर्यवेक्षक अधिकारी नायब तहसीलदार सदर, सुरेन्द्र कुमार यादव व पवन कुमार वर्मा की ड्यूटी रात्रि 08.00 बजे से प्रातः 05.00 बजे तक जिनके पर्यवेक्षक अधिकारी सतीश चन्द्र वर्मा राजस्व निरीक्षक एवं जितेन्द्र कुमार पासवान व हरीकरन सिंह की ड्यूटी प्रातः 05.00 बजे से प्रातः 10.00 तक जिनके पर्यवेक्षक अधिकारी सुशील कुमार त्रिपाठी राजस्व निरीक्षक होगें। उन्होंने बताया कि कन्ट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण राजस्व निरीक्षक लेखपाल के द्वारा मौके पर जाकर किया जायेगा एवं शिकायतों का पूर्ण विवरण एवं निस्तारण आख्या पंजिका में दर्ज की जायेगी।

## पुलिस चौकी के निकट ज्वैलर्स की दुकान से लाखों का जेवर व नकदी चोरी

सिधौली (सीतापुर) । कोतवाली क्षेत्र के कुंवरगड्डी गांव स्थित पुलिस चौकी से चंद्र मीटर की दूरी पर स्थित एक ज्वेलर्स की दुकान का बेखौफ चोरों ने सटर काटकर लाखों रुपये के जेवर व नकदी चोरी कर फरार हो गये। इतना ही नहीं देखो चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी उठा ले गये। सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे दुकान स्वामी द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के बंड्या गांव निवासी जितेंद्र सोनी पुत्र रामू सोनी की कुंवरगड्डी में लक्ष्मी ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। बीती रात अज्ञात बेखौफ चोर उनकी दुकान का शटर काटकर भीतर प्रवेश कर गए और नगदी व जेवर चोरी कर फरार हो गये। सुबह जब स्थानीय लोगों ने दुकान के शटर को कटा हुआ देखा तो फोन से दुकान स्वामी जितेंद्र को सूचना दी। जितेंद्र जब दुकान पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। जांच पड़ताल शुरू की दुकान स्वामी के अनुसार चोरों ने लगभग 4 किलो चांदी 200 ग्राम सोना वह 700 से 1000 तक की नगदी चुरा ले गये। वहीं उक्त चोरी से स्थानीय दुकानदारों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। बताते हैं कि उक्त दुकान से लगभग 100 मीटर की दूरी पर ही पुलिस चौकी स्थित है। जहां पर 24 घंटे पुलिसकर्मी ड्यूटी पर रहते हैं फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव के निधन पर समाजवादियों में शोक की लहर

हरदोई । समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और समाजवादी विचारधारा वाले नेता जी के निधन पर लोग स्तब्ध रह गए। चांद मिया, डा नसीम एहसान खां, शाहिद खान, छात्र नेता नगर अध्यक्ष अहमद खां ने बताया कि नेता जी का जाना अपूरणीय क्षति है ।उनकी कमी हमेशा खलेगी।

## किसान धन विक्रय के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अवश्य कराएंः वन्दना त्रिवेदी

हरदोई ।अपर जिलाधिकारी वंदना त्रिवेदी ने बताया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2022–23 के अन्तर्गत धान विक्रय हेतु ऑनलाइन कृषक पंजीकरण प्रारम्भ हो चुके है और कृषकों को धान विक्रय के लिए खाद्य विभाग के पोर्टल बिण्नचण्हवअण्पद पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। किसान भाई किसी भी जनसुविधा केन्द्र, साइबर कैफे या स्वयं से खाद्य विभाग के पोर्टल से पंजीयन करा सकते हैं।

# श्रोताओं की खुशी में मन की आंखों से पढ़ता हूं

## बनारस में पीएम मोदी की मिमिक्री उनके सामने कर चुके हैं

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। संस्कृति, साहित्य, कला के क्षेत्र में अनवरत दो दशकों से कार्यरत विंध्य संस्कृति शोध समिति उत्तर प्रदेश ट्रस्ट की ओर से एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि कॉमेडी एवं मिमिक्री के बादशाह अभय शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि–ईश्वर ने मुझे नेत्रहीन बनाया है, लेकिन सुनने, समझने, सुनने की शक्ति दिया है। मैं मन की आंखों से अपने श्रोताओं, दर्शकों की खुशी, चेहरे के हाव–भाव आंखों से पढ़ लेता हूं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर करते हुए रामायण कल्चर मैपिंग योजना डिस्ट्रिक्ट को ऑर्डिनेटर एवं उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के नामित सदस्य दीपक कुमार केसरवानी



अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि–ष्अपने टैलेंट की बदौलत मिमिक्री और कॉमेडी की दुनिया में एक अलग पहचान बना चुके अभय शर्मा का कॉमेडी एवं मिमिक्री के बादशाह है। दिवंगत राजू श्रीवास्तव एवं अन्य हास्य कलाकारों के साथ देश के विभिन्न मंचो पर परफारमेंस कर चुके अभय शर्मा मूल रूप से सोनभद्र जनपद मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज के समीप गोडीहा गांव के निवासी है। हनुमान प्रसाद पोद्दार अंध विद्यालय, दुर्गाकुंड वाराणसी एवं बीएचयू से स्नातक कर चुके हैं एवं परास्नातक की शिक्षा प्राप्त कर रहे है। ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी हर्षवर्धन ने अभय शर्मा के अनछुए पहलुओं पर अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि–ष्प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब काशी यात्रा पर आए और अभय शर्मा से मिले और पूछा कि आप किस–किस की मिमिक्री कर लेते हैं तो अभय शर्मा ने बताया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नीतीश कुमार, अखिलेश यादव, मुलायम सिंह यादव, लालू प्रसाद यादव, गृहमंत्री राजनाथ सिंह एवं प्रधानमंत्री मोदी की मिमिक्री कर लेता हूं। तब मोदी ने हंसते हुए कहा कि यह पूरा मंत्रिमंडल ही लेकर बैठे है। उन्होंने मोदी की मिमिक्री की बात कही अभय ने मोदी की मिमिक्री की और मोदी ने हंसते हुए कंधे पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। 2019 के लोकसभा चुनाव और 2022 के विधानसभा चुनाव में अभय शर्मा ने मंचो पर चुनावी कॉमेडी एवं मिमिक्री की। 2022 मैं रियलिटी शो इंडियाज लाफ्टर चौंपियन के क्वार्टर फाइनल में परफॉर्मेंस कर चुके हैं। इस अवसर पर हास्य कलाकार अभय शर्मा ने विभिन्न राजनेताओं की मिमिक्री करके उपस्थित अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया और ट्रस्ट की ओर से उन्हें पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीयजन, नागरिकगण स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# हार्टफुलनेस कार्यक्रम के प्रथम सत्र का किया शुभारंभ

### स्वामी हरसेवानंद पी.जी. कॉलेज, चुर्क ,में 14 प्रोफेसर एवं 42 छात्र–छात्राओं के मध्य हार्टफुलनेस कार्यक्रम के प्रथम सत्र का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। हार्टफुलनेस कार्यक्रम के प्रथम सत्र का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य संतोष कुमार चौबे के आह्वाहन पर भाई मदन मोहन द्वारा किया गया। हार्टफुलनेस के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि अपनी जागरूक चेतना को हृदय पर केंद्रित करके हर पल स्रोत से जुड़े रहना हार्टफुलनेस है। हार्टफुलनेस अभ्यास से हम अपने मन और हृदय को शुद्ध एवं सरल बना पाते हैं, अपनी चेतना को विस्तारित कर पाते हैं, अपनी पूर्ण मानवीय क्षमता का एहसास कर पाते हैं और अपना जीवन



उद्देश्य पूर्ण कर पाते हैं। हार्टफुलनेस अभ्यास धीरे धीरे हमारी जीवन शैली बन जाती है और यह जीवन शैली हमारे नियति की ओर ले जाती है। इसके बाद भाई गोपाल द्वारा सभी को हार्टफुलनेस रिलैक्सेशन कराया गया तथा हार्टफुलनेस प्रशिक्षक भाई राजकुमार द्वारा प्राणाहुति के साथ हार्टफुलनेस ध्यान कराया गया। ध्यान के दौरान भाई अशोक एवं बहन ज्योति ने वालंटियर के रूप में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। ध्यान के बाद हार्टफुलनेस टीम को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य द्वारा अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा गया कि हार्टफुलनेस ध्यान हमारी समस्त मानसिक एवं शारीरिक समस्याओं का समाधान करता है। विद्यार्थियों के लिए यह और भी जरूरी है। हार्टफुलनेस से एकाग्रता बिना प्रयास के ही विकसित हो जाता है। प्राचार्य द्वारा धन्यवाद के साथ कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

# सपा कर्यक्रताओं ने सभा का किया आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

मसौली/बाराबंकी । समाजवादी पार्टी के संस्थापक एव पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर मसौली चौराहा पर सपा नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य शकील सिद्दीकी के प्रतिष्ठान



पर श्रदांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयीं। हरदिल अजीज गरीबो के मसीहा पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शकील सिद्दीकी ने कहा कि समाजवाद के पुरोधा हम सब के अभिभावक नेता जी का निधन समाज के सभी वर्गों के लिए क्षतिपूर्ण साबित हुआ है नेता जी जैसा अभिभावक मिलना हम सभी लोगो को मुश्किल है। श्री सिद्दीकी ने गहरा दुःख प्रकट करते हुए कहा कि नेता जी ने हमेशा समाज को एक साथ लेकर चलने का काम किया है जिसका ही कारण है कि आज पूरा प्रदेश व देश नेता जी के निधन से दुःखी है। इस दौरान पूर्व प्रधान राममूर्ति यादव, अशोक यादव, छोटे लाल वर्मा, विकास यादव, प्रधान मुईन अंसारी, मास्टर शेषकुमार, रामू क्रांति, मो0 अरमान, हफीज राइन, अजीज शाह, मंगनू मामा , शमीम , तुफैल सिद्दीकी, अंजलि सिद्दीकी, ऋषभ गुप्ता, अंगद बंसल, मैकू यादव, मो0 आसिफ, अखिलेश, मयंक, दुर्गेश, सतीश, मुन्ना मामा, बल्लू खान, नूर मोहम्मद, मेराज अंसारी सहित तमाम सपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की।

# चेयरमैन प्रत्याशी दीपक बाबा के करकमलों द्वारा सिद्धिपूरम मोहल्ला का नाम करण सम्पन्न





दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज। आदर्श नगर पंचायत सोनौली के काली मंदिर वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में कल शाम को माता भक्तों ने भंडारा का आयोजन किया, उक्त भंडारे में कई चेयरमैन प्रत्याशियों ने शिरकत की, वही जनता ने उक्त मुहल्ले के नाम करण का आयोजन भी बना रखा था व भंडारा स्थल गेट पर ही सिद्धिपूरम मोहल्ला का बैनर भी लगाया गया था, इस मौके पर जैसे ही चेयरमैन प्रत्याशी दीपक बाबा पहुचे तो मुहल्ले के लोगो ने दीपक बाबा से अपील की कि, उक्त मुहल्ले का नाम करण कर भंडारा स्थल में प्रवेश करें। मिली जानकारी के अनुसार 9 अक्टूबर को माता काली मंदिर के वार्षिकोत्सव को बढ़े ही धूमधाम से मनाया गया था, जिसके उपलक्ष्य में लोगो ने 10 अक्टूबर को शाम एक विशाल भण्डारे का आयोजन किया, इस मौके पर वार्ड वाशियों ने दीपक बाबा को एक ऐसा अनमोल मौका प्रदान किया जो किसी चेयरमैन प्रत्याशी को अभी तक नही मिला। भंडारे में पहुचे दीपक बाबा को लोगो ने घेरते हुवे अपील किया कि बिहारी मुहल्ले के नाम से नगर पंचायत सोनौली में प्रख्यात मुहल्ले का नाम करण करे।

वही जनता के बीच इतना प्यार पा कर दीपक बाबा भावुक हो गए और बोले कि आप सब के प्यार और माता के आशिर्वाद से अब से इस मुहल्ले को सिद्धिपूरम मोहल्ला के नाम से जाना जाएगा। वही चेयरमैन प्रत्याशी दीपक बाबा के द्वारा सिद्धिपूरम मोहल्ला के नाम करण का मौका मिलने की चर्चा ए आम पूरे नगर में होने लगी है। बताते चले कि पूर्व में वार्ड नम्बर 11 वाल्मीकि नगर के इस मुहल्ले को बिहारी मुहल्ला के नाम से जाना जाता रहा है, मगर अब इस मुहल्ले के नाम करण हो जाने से अब इस मुहल्ले को सिद्धिपूरम मोहल्ला कहा जायेगा। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित लोग साक्षी बने। इस मौके पर मंदिर कमेटी के सदस्यों, वार्ड के सम्भ्रांत नागरिकों सहित नगर के कई चेयरमैन प्रत्याशी, सभासद प्रत्याशी सहित नगर के लोगों की उपस्थिति रही।

# जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन




में डायट परिसर उरमौरा, रॉबर्ट्सगंज में मंगलवार को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल में अपर जिला अधिकारी ओम प्रकाश त्रिपाठी राष्ट्रपति एवं राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत्त शिक्षक एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ मिलन सिंह रहे। कार्यक्रम को सफल रूप देने में आयुर्वेद दिवस के नोडल अधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष पाल का पूर्ण सहयोग रहा। आयुर्वेद विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी डॉ सतीश कुमार सिंह एवं जिला होम्योपैथ चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष सोनी की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। एवं भाषण प्रतियोगिता का मंच संचालन अभिषेक कुमार सिंह योग प्रशिक्षक योग वेलनेस सेन्टर लोढ़ी का रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त आयुर्वेदिक स्टाफ की अहम भूमिका रही भाषण प्रतियोगिता में 'प्रथम पुरस्कार विजेता गौरी पराशर डीएवी पब्लिक स्कूल रॉबर्ट्सगंज, द्वितीय पुरस्कार सुप्रिया चौरसिया दिल्ली पब्लिक स्कूल रॉबर्ट्सगंज, तृतीय पुरस्कार आयुषी सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल रॉबर्ट्सगंज, सांत्वना पुरस्कार कुमारी खुशबू जवाहर नवोदय विद्यालय सोनभद्र एवं हिमांशु देव पांडे डीएवी पब्लिक स्कूल रॉबर्ट्सगंज रहे।

# सरयू घाघरा नदी का बढ़ता जलस्तर से 83 गांव में मची तबाही

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी । उत्तर प्रदेश के जनपद में इन दिनों सरयू घाघरा नदी का बढ़ता जलस्तर से रामनगर रामसनेहीघाट सिरौलीगौसपुर सहित तीनों तहसील के लगभग 83 गांव बाढ़ की चपेट में है जैसे इन गांव के ग्रामीणों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है तेज धारा में नाव से आना जाना पड़ता है वही रायपुर गांव के लोग तेज बहाव से नाव के सहारे नदी पार कर रहे हैं तो वहीं तिलवारी गांव के लोगों को घाघरा नदी की कटान तेज होने से घरों में घुस रहा बाढ़ का पानी बेघर हुए ग्रामीण जब इसकी हकीकत जानने बाराबंकी से 30 किलोमीटर दूर गांव हकीकत जानने पहुंची दैनिक बुध संदेश की टीमबाढ़ से परेशानगांव के ग्रामीणों से बातचीत की तो ग्रामीणों ने बताया इस वक्त हमारे गांव में तेज बहाव के कारण हमारा लोगों का जीवन अस्त–व्यस्त है और काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है जिस पर अपर जिला अधिकारी राकेश सिंह ने बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश कहा जो लोग परेशानियों में है उन लोगों को गांव से निकाल कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाए और ग्रामीणों को राहत सामग्री एवं जानवरों को चारा की व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए जिससे किसी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

# तीस ग्राम अवैध स्मैक पाउडर सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार




दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी । जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों वांछित अभियुक्तों वारंटिओं की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना देवा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त अशोक कुमार पुत्र राजाराम रावत निवासी मउजानीपुर थाना देवा जनपद बाराबंकी को जानीपुर से मऊ जाने वाली सड़क ग्राम मऊजानीपुर से गिरफ्तार किया गया स अभियुक्त के पास से 30 ग्राम अवैध स्मैक पाउडर बरामद कर थाना देवा पर एनडीपीएस एक्ट मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

# जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

# मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक सभा का आयोजन कर जिले के पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि



दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। ब्लॉक सभागार में जिले के पत्रकार भाइयों ने एकत्र होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव निधन पर शोक व्यक्त करते हुए पुष्प श्रद्धांजलि अर्पित की व मोमबत्ती जलाकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कि वहीं राष्ट्रीय किसान मंच के जिला अध्यक्ष सत्यनाम यादव ने भी श्रद्धांजलि देकर प्रार्थना की और कहा कि हमेशा गरीब और कमजोर लोगों की मदद करने वाले नेता आज हमारे बीच नहीं रहे वह एक नेक और सच्चे नेता थे आज उनका इस तरह से जाना दिल को बहुत तकलीफ दे रहा है आज हमने अपने एक सच्चे नेता को खो दिया है और जिसकी भरपाई हो पाना नामुमकिन है उनके अंदर अनगिनत खूबियां थी उन्होंने हमेशा दिल से देश की सेवा की है उनका मुस्कुराता चेहरा हमेशा हमारे सामने रहेगा वह हमेशा समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष के रूप में नहीं बल्कि एक सिपाही की तरह नजर आते थे इस मौके पर अरशद जमाल भाई,सुरेंद्र कुमार वर्मा,मयंक राज, ब्यूरो चीफ जितेंद्र कुमार यादव,दिनेश कुमार वर्मा, (दैनिक अयोध्या टाइम्स सहायक ब्यूरो बलवंत सिंह) लवकुश यादव, कुलदीप वर्मा,नितिन कुमार वर्मा, (श्रवण कुमार यादव दैनिक बुध का संदेश) आदि किसान नेता सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# दूसरों के सामने शर्मिंदा कर सकती हैं सिर में खुजली की समस्या, इन उपायों से मिलेगा आराम

महिला हो या पुरूष, दोनों के सुंदर दिखने में बालों का बड़ा रोल होता है। हर कोई चाहता है कि उसके बाल साफ और स्टाइलिश दिखें, लेकिन यह तभी संभव है जब आपका स्कैल्प भी सेहतमंद हो। ऐसे में मौसम में बदलाव के साथ बालों का खास ख्याल रखने की जरूरत होती हैं। अक्सर देखने को मिलता हैं कि लोग सिर में खुजली की समस्या से परेशान रहते हैं जो कई बार आपको दूसरों के सामने शर्मिंदा भी कर सकती हैं। कई बार सिर में दाने, सिर में फंगस, पपड़ी या रूसी की वजह से सिर में खुजली होने लगती है। ऐसे में आज हम आपके लिए कुछ ऐसे उपाय लेकर आए हैं जिनकी मदद से खुजली की समस्या को आसानी से दूर किया जा सकता हैं। आइये जानते हैं इन उपायों के बारे में...

एप्पल वेनेगरः एप्पल वेनेगर मतलब सेब का सिरका। ये सिर की गंदगी को साफ करने के लिए बहुत समय से उपयोग किया जा रहा है। तीन चौथाई पानी के साथ एक चौथाई सेब का सिरका मिलाकर बालों में रोज मालिश करने से सिर में खुजली की समस्या दूर हो जाती है।

नींबूः नींबू के रस में एन्टीसेप्टिक गुण होते हैं, इसे सिर पर लगाने से रूसी एवं सिर की खुजली से राहत मिलती है। 15 ग्राम काली मिर्च का पावडर, 40 मिली नींबू का रस और 30 मिली कच्चा दूध इन सबको मिलाकर नहाने से आधा घण्टा पहले बालों में लगाने से बालों में रूसी नहीं रहती और खुजली भी मिट जाती है।



टी ट्री ऑयलः दुनियाभर में टी ट्री ऑयल का प्रयोग लोग सुंदरता बढ़ाने के लिए करते रहे हैं। इसमें टरपीन्स नाम को यौगिक मौजूद होता है जो एंटी–बैक्टीरियल, एंटीफंगल गुणों से लैस होता है। इसके उपयोग से बालों की जड़ों में नमी बनी रहती है और खुजली से निजात मिल जाती है। 2 चम्मच टी ट्री ऑयल को एक चम्मच ऑलिव ऑयल में मिलाएं। कॉटन की रुई को मिश्रण में डुबोकर बलों की जड़ों में मसाज करें। एक हफ्ते बाद से ही आपको परिणाम दिखने लगेंगे।

नारियल का तेलः नारियल का तेल बालों के लिए किसी रामबाण से कम नहीं है। क्योंकि, यह बालों को मुलायम बनाने के साथ ही सिर से जुड़ी सभी समस्याओं से भी छुटकारा दिलाने में भी कारगर है। यह सिर की खुजली से निजात दिलाने में भी मदद करता है। इसके लिए थोड़े से नारियल तेल को गुनगुना कर लें। फिर इससे अपने सिर की हल्के हाथों से मसाज करें। ऐसा करने से डैंड्रफ दूर होता है, साथ ही आपको खुजली से भी राहत मिल सकती है।

प्याज का रसः प्याज का रस स्कैल्प की खुजली मिटाने का बेहतर और कारगर उपाय है, अगर आप इसकी गंध सहन कर सकते हैं। प्याज का रस निकाल कर कॉटन की मदद से सिर की त्वचा पर लगाएं और इसे 20 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद अच्छी तरह सिर धो लें।

ऐलोवेराः यह तो सभी जानते हैं कि ऐलोवेरा गुणों का खजाना है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐलोवेरा का उपयोग आपके बालों को भी सुंदर, मजबूत और डैंड्रफ फ्री कर सकता है। जी हां, अगर ऐलोवेरा जेल को बालों की जड़ों में थोड़ी देर मसाज करके 15 मिनट बाल शैम्पू से धोया जाय तो सिर में खुजली की समस्या दूर हो जाती है।

तिल का तेलः सिर की मालिश के लिए तिल के तेल का इस्तेमाल करें यह खुजली और रूखेपन से छुटकारा दिलाने में मदद करता है। तिल के तेल को गर्म करके रात में सोने से पहले दस मिनट तक सिर की मालिश करें और सुबह उठकर शैम्पू से सिर धोएँ।

पका केलाः एक पका केला लेकर शहद मिलाकर अच्छी प्रकार मिला लें और इसमें प्याज का रस मिक्स करें फिर इसे बालों की जड़ों में लगा कर 20 मिनट तक छोड़ दें और शैम्पू कर लें।

# ऑफ शोल्डर ड्रेस पहन नेहा मलिक ने लगाया बोल्डनेस का तड़का

भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग आउटफिट को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो तेजी से फैंस



के बीच वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट फोटोशूट की तस्वीरों से एक बार फिर इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। अपने बेबाक अभिनय के लिए फेमस नेहा मलिक हमेशा अपने ड्रेसअप को लेकर लाइमलाइट में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस लुक्स में फोटोशूट करवाया है, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक ने इन तस्वीरों में डार्क ब्लू कलर की ऑफ शोल्डर ड्रेस पहनी हुई है। अभिनेत्री नेहा मलिक का ये हॉट और सेक्सी लुक देख कर फैंस एक बार फिर अपने होश खो बैठे हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस नेहा मलिक अपना डीप नेक क्लीवेज फ्लॉन्ट करते हुए हॉट फोटोशूट करवा रही हैं। फैंस को एक्ट्रेस नेहा मलिक का ये लुक बेहद ही शानदार लग रहा है। नेहा हमेशा अपने बिंदास लुक्स से फैंस को अपनी ओर अट्रेक्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।






# डॉक्टर जी बनी आयुष्मान खुराना की पहली ए सर्टिफिकेट फिल्म, सेंसर बोर्ड की यह थी राय



आयुष्मान खुराना ने 2012 में फिल्म विकी डोनर से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने अकसर ऐसे मुद्दों पर फिल्में चुनीं, जिन्हें समाज में शर्मिंदगी का कारण माना जाता है। उन्होंने बधाई हो, शुभ मंगल सावधान, बाला, चंडीगढ़ करे आशिकी जैसी फिल्में की। हालांकि, बोल्ड मुद्दों पर बनीं इनमें से किसी भी फिल्म को ए सर्टिफिकेट नहीं मिला था। अब डॉक्टर जी उनकी पहली ए सर्टिफिकेट की फिल्म बन गई है।

डॉक्टर जी में आयुष्मान एक पुरुष गायनेकोलॉजिस्ट की भूमिका में दिखाई देंगे।

रिपोर्ट के अनुसार फिल्म में इस्तेमाल किए गए कुछ शब्द और मजाक पारिवारिक नहीं हैं। इसलिए उन्होंने फिल्म को ए सर्टिफिकेट देना तय किया। निर्माताओं के पास कुछ दृश्यों को काटकर फिल्म के लिए यूध्ए सर्टिफिकेट लेने का विकल्प था। हालांकि, उन्हें लगा कि इन दृश्यों को काटकर फिल्म पूर्ण नहीं होगी। अंत में उन्होंने फिल्म के लिए ए सर्टिफिकेट लेना ही चुना।

सेंसर बोर्ड फिल्मों को तीन तरह के सर्टिफिकेट जारी करती है। यू–सर्टिफिकेट का मतलब है कि फिल्म हर दर्शक के देखने के लिए उचित है। यूध् ए का मतलब फिल्म को बच्चे, बड़ों की निगरानी में देखेंगे। वहीं ए–सर्टिफिकेट वाली फिल्में सिर्फ वयस्कों के लिए हैं।

डॉक्टर जी में आयुष्मान खुराना और रकुल प्रीत सिंह की जोड़ी देखने को मिलेगी। फिल्म में शेफाली शाह और शीबा चड्ढा भी हैं। 20 सितंबर को फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था। यह कॉमेडी ड्रामा एक ऐसे मेडिकल स्टूडेंट की कहानी है, जिसे न चाहते हुए भी गायनेकोलॉजिस्ट बनना पड़ता है। डॉक्टर के रूप में वह महिला मरीजों के साथ सहजता के लिए जूझता रहता है। यह फिल्म 14 अक्टूबर को रिलीज होगी।

उधर आयुष्मान इस फिल्म के प्रमोशन में लगे हुए हैं। फिल्म के प्रमोशन के दौरान उन्होंने अपने करियर का एक दिलचस्प वाकया सुनाया। आयुष्मान ने बताया कि एक बार एक प्रोड्यूसर ने उन्हें ब्लैंक चेक दिया और उनके साथ तीन फिल्में करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने तीनों में से किसी भी फिल्म की स्क्रिप्ट नहीं लिखी थी। आयुष्मान ने यह चेक ठुकरा दिया क्योंकि उनके लिए स्क्रिप्ट बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा, मेरे लिए लक्ष्मी से पहले सरस्वती है।

रकुल और आयुष्मान की आगामी फिल्मों की बात करें तो कुछ दिन पहले ही आयुष्मान ने अपनी फिल्म ड्रीम गर्ल के सीक्वल की घोषणा की है। यह फिल्म 2019 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अनन्या पांडे, अन्नू कपूर, परेश रावल, विजय राज, राजपाल यादव, असरानी, मनोज जोशी जैसे सितारे नजर आएंगे। रकुल प्रीत अजय देवगन और सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म थैंक गॉड में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म 25 अक्टूबर को रिलीज होगी।

# सैयामी खेर, प्रतीक गांधी, दिव्येंदु ने फायर फाइटर फिल्म अग्नि की शूटिंग पूरी की

आगामी हिंदी फिल्म अग्नि की शूटिंग शुक्रवार को पूरी हो गई। अग्निशामकों के संघर्षों और चुनौतियों पर आधारित इस फिल्म में मिज्या फेम सैयामी खेर, स्कैम 1992रू द हर्षद मेहता स्टोरी स्टार



प्रतीक गांधी और मिजार्पुर स्टार दिव्येंदु शामिल हैं। अगस्त में मुंबई में अपनी शूटिंग शुरू करने वाली अग्नि का निर्देशन राहुल ढोलकिया ने किया है, जिन्होंने इससे पहले शाहरुख खान–स्टारर 2017 की फिल्म रईस का निर्देशन किया था। सैयामी ने अपने सोशल मीडिया पर अपने सहयोगियों और निर्देशक के साथ तस्वीरें साझा करते हुए कहा, यह अग्नि पर एक लपेट है। मुझे एक फिल्म को समेटने की भावना कभी पसंद नहीं आई है।खासकर तौर पर जब आप समान विचारधारा वाले लोगों के समूह के साथ काम करते हैं।इसके अलावा सैयामी अगली बार अभिषेक बच्चन, अश्विनी अय्यर तिवारी की पहली डिजिटल सीरीज फाडू, अनुराग कश्यप की अगली प्रोडक्शन गुलशन देवैया और ताहिरा कश्यप के निर्देशन में बनी पहली फिल्म शमार्जी की बेटी के साथ बाल्की की घूमर में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। कलाकारों के अलावा, फिल्म के निर्माता, फरहान अख्तर ने भी अपने सोशल मीडिया पर टीम को बधाई देते हुए रैप–अप के बारे में साझा किया। फिल्म का निर्माण फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के सह–स्वामित्व वाले एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है, जिसमें आलिया भट्ट, प्रियंका चोपड़ा जोनास और कैटरीना कैफ अभिनीत एक और बड़ी फिल्म जी ले जरा है, जो फ्लोर पर जाने का इंतजार कर रही है।

# स्किन के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता हैं बाथिंग टूल लूफा, जानें कैसे



नहाने के दौरान कई टूल का इस्तेमाल किया जाता हैं जो त्वचा की सफाई के काम आते हैं। इन्हीं में से एक बाथिंग टूल हैं लूफा जिसका आजकल बहुत इस्तेमाल किया जा रहा हैं। लूफा स्किन को स्क्रब करने का बेहतरीन तरीका है। ये एक फोमिंग बॉडी मसाज एजेंट के रूप में काम करता हैं। बॉडी वॉश के साथ मिलकर ये फोमिंग फॉर्म में आ जाता है और फिर स्किन को इससे रब करके बेहतर तरीके से साफ या क्लीन किया जा सकता है। लूफा बेशक स्किन की सफाई करता है, लेकिन स्किन को कई तरह से नुकसान भी पहुंचाता है। लूफा स्किन में इरिटेशन पैदा करता है। आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह लूफा स्किन को नुकसान पहुंचा रहा हैं और इसके इस्तेमाल के दौरान कैसे इसका ध्यान रखना चाहिए।

लंबे समय तक न करें यूजः ज्यादातर लूफे प्लास्टिक से बनाए जाते हैं और इस कारण इसके कुछ साइड इफेक्ट बी होते हैं। लूफे के इस्तेमाल के दौरान कुछ बातों का ध्यान न रखा जाए, तो स्किन पर रैशेज या खुजली जैसी समस्या पैदा हो सकती है। अगर आप मार्केट से लूफा लाते हैं और उसे रेगुलर यूज करते हैं, तो 20 से 30 दिन में इसे बदल दें। दअरसल, नहाते समय हर बार इसका इस्तेमाल करने की वजह से इसकी प्लास्टिक हार्ड होने लगती है और स्किन को हार्ड बना सकती है।

रब करने से बचें: महिलाएं अक्सर त्वचा को साफ करने के लिए लूफा से स्किन को जोर–जोर से स्क्रब करने लगती है। मगर ऐसा करने से न सिर्फ आपकी त्वचा ढीली पडने लगती है बल्कि स्किन पर जलन, खुजली और रेडनेस का भी खतरा रहता है। इसलिए लूफा को रगडने के बजाए हल्के हाथों से स्क्रब करें। साथ ही एक दिन का गैप देने के बाद ही लूफा का इस्तेमाल करें।

गर्म पानी की लें मददः त्वचा पर बॉडी वॉश लगाने के बाद डायरेक्ट लूफा यूज करने से आपकी त्वचा हार्श हो जाती है। ऐसे में नहाते समय लूफा को गर्म पानी में भिगो कर लें। इससे लूफा सॉफ्ट हो जाएगा और आपकी स्किन पर इसका कोई नुकसान नहीं होगा।

लूफा न करें शेयरः ब्यूटी प्रोडक्ट्स को कभी भी किसी के साथ शेयर नहीं करना चाहिए और ऐसा ही कुछ लूफा के साथ भी है। ऐसा करने से आपकी स्किन पर पिंपल्स, एक्ने या फिर खुजली की प्रॉब्लम हो सकती है।

लूफा को बाथरूम में न छोड़ेंः हालांकि अगर आप नहीं चाहते कि आपका लूफा, बैक्टीरिया के पनपने की जगह बने तो इन जरूरी बातों का ध्यान रखें। हर बार नहाने के बाद लूफा को शावर के पास बाथरूम में न छोड़े। लूफा को धूप में कहीं टांग दें ताकी वह पूरी तरह से सूख जाए। आप चाहें तो हेयर ड्रायर यूज करके भी लूफा को पूरी तरह से सुखा सकती हैं ताकि उसमें पानी न रहे। अगर लूफा से किसी भी तरह की बदबू आ रही हो या उसका रंग बदल जाए तो उसे तुरंत चेंज करके नया लें।